City24News

शहर आपका, खबर आपकी

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर वर्ष 1, अंक 40 पेज 8 शनिवार 30 दिसंबर, 2023 संपर्कः 9818180269

www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media

राजस्थान के भाजपा नेताओं की गुजरात फॉर्मूला ने बढ़ाई टेंशन, भजनलाल मंत्रिमंडल में कई पूर्व मंत्रियों की छुट्टी तय

सिटी 24 न्यूज

राजस्थान में मंत्रिमंडल के गठन में हो रही देरी ने सत्ता पक्ष के कई सीनियर विधायकों की टेंशन बढा दी है। कई वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्रियों को यह चिंता सता रही है कि अगर राजस्थान में गुजरात का नो रिपीट फॉर्मूला लागू कर दिया तो उनकी छुट्टी हो जाएगी। बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व ही मंत्रिमंडल पर मुहर लगाएगा और केंद्रीय नेतृत्व के सामने बोलने की हिम्मत कोई नहीं कर रहे हैं। 12 दिसंबर को जब केंद्रीय नेतृत्व ने मुख्यमंत्री के लिए भजनलाल शर्मा का नाम तय किया तो भाजपा विधायक दल की बैठक में सन्नाटा पसर गया था। फिर मुख्य पर्यवेक्षक बनकर आए राजनाथ सिंह ने पूछा कि और कोई नाम हो तो बताएं। उस दौरान किसी भी विधायक ने अपनी राय नहीं रखी। जो नेता पहले वसुंधरा राजे को बतौर मुख्यमंत्री पसंदीदा नेता बता रहे थे, वे भी चुपचाप बैठे रहे। इसके बाद भजनलाल शर्मा को सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया था।

गुजरात के नो रिपीट फार्मूले को समझिए

दिसंबर 2017 में हुए गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला था और विजय रुपाणी मुख्यमंत्री बने थे। चार साल बाद सितंबर 2021 में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने गुजरात में मुख्यमंत्री सहित पूरी कैबिनेट को बदल दिया था। विजय रुपाणी को हटाकर भूपेंद्र पटेल को मुख्यमंत्री बनाया गया था। मंत्री मंडल के सभी चेहरे भी बदल दिए गए थे। इतना ही नहीं विधानसभा अध्यक्ष भी बदल दिया गया था। भूपेंद्र पटेल मंत्रिमंडल में किसी भी मंत्री को रिपीट नहीं किया गया।

विधानसभा चुनाव में भी कारगर रहा यह फार्मूला

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले गुजरात के सियासी गलियारों में ऐसी चर्चाएं थी कि बीजेपी द्वारा मुख्यमंत्री सहित पूरा मंत्रिमंडल बदले जाने से पार्टी को नुकसान हो सकता है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस नो रिपीट फॉर्मूला के बावजूद नवंबर 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में गुजरात में बीजेपी ने रिकॉर्ड सीटों पर जीत दर्ज करते हुए पूर्ण बहुमत हासिल किया था। ऐसे में गुजरात का यह फार्मूला राजस्थान में भी अपनाए जाने की चर्चाएं है।

पूर्व मंत्रियों की बढी चिंता

राजस्थान में 26 दिन से मंत्रिमंडल के गठन का इंतजार है। बीजेपी के कई वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री भी भजनलाल मंत्रिमंडल में शामिल होने का सपना देख रहे हैं। मंत्रिमंडल गठन में हो रही देरी से अब सीनियर नेताओं और पूर्व मंत्रियों की चिंता बढ़ गई है। उन्हें गुजरात फॉर्मूले की याद आ रही है। सियासी गलियारों में ऐसी चर्चाएं भी चल रही है कि बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व राजस्थान में इस बार नया प्रयोग कर सकता है।

मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बनाकर चौंका चुकी है बीजेपी

भाजपा ने प्रदेश के नए मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्रियों का चयन करके प्रदेश को चौंकाया था। किसी ने सोचा तक नहीं था कि पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बनाए जा सकते हैं। खुद भजनलाल शर्मा को भी यह उम्मीद नहीं थी कि वे संगठन महामंत्री से सीधे मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंच सकते हैं। दीया कुमारी को बड़ा पद दिए जाने की चर्चाएं पहले भी चल गई थी क्योंकि वे पूर्व राजपरिवार से हैं और पूर्व में विधायक रहने के बाद राजसमंद से सांसद भी बन चुकी थी लेकिन डॉ. प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने के फैसले ने भी सबको चौंका दिया था। अब भजनलाल मंत्रिमंडल को लेकर भी कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

मंत्रिमंडल गठन की सुगबुगाहट तक नहीं

राजस्थान के साथ ही मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हुए थे। उन दोनों राज्यों में मंत्रिमंडल का गठन हो चुका है। राजस्थान में मंत्रिमंडल के गठन को लेकर कई दिनों से कयास लगाए जा रहे हैं लेकिन बीजेपी के बड़े नेताओं को भी पता नहीं कि राजस्थान में मंत्रिमंडल का गठन कब होगा। बीजेपी के नेताओं से बात करने पर वे एक ही बात कहते हैं कि जल्द ही मंत्रिमंडल बनेगा। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भी गुरुवार को यही कहा था कि मंत्रिमंडल का गठन जल्द होगा। मंत्रिमंडल के गठन की सही खबर किसी के पास नहीं है। ऐसे में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पूर्व मंत्रियों की उम्मीदें टूटती जा रही है।

बदलेगा बिहार का सियासी माहौल! नीतीश की कुर्सी बरकरार रहेगी या तेजस्वी बनेंगे सीएम, खरमास बाद हो जाएगा साफ

सिटी 24 न्यूज

बिहार की राजनीतिक पार्टियों में संख्या बल की दृष्टि से अभी सबसे अधिक ताकतवर आरजेडी दिख रहा है। भाजपा की ताकत भी कम नहीं। बीजेपी भी साल 2020 के विधानसभा चुनाव में मिलीं 74 सीटों के साथ आरजेडी के समकक्ष खड़ी है। बीजेपी में न कोई नाराजगी दिखती है और न टूट-फूट की गुंजाइश। बीजेपी के सहयोगी भी लोकसभा सीटों के लिए कोई हड़बोंग नहीं मचा रहे। बीजेपी की तरह ही आरजेडी में शांति है। दरअसल आरजेडी की निश्चितता के दूसरे कारण हैं। अव्वल तो आरजेडी में भगदड़ की कोई आशंका नहीं है। दूसरे, आरजेडी को पूरा विश्वास है कि उसका दल सहयोगी जेडीयू लाख छटपटाए, पर उसकी सेहत पर उसका कोई असर पड़ने वाला नहीं। जेडीयू साथ रहे या जाए, आरजेडी की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। हां, साथ रहने पर थोड़ी आसानी तो आरजेडी को होगी ही। आरजेडी ने दोनों तरह की तैयारी कर रखी है। जेडीयू साथ रहे तो कोई दिक्कत नहीं, साथ छोड़े भी तो सरकार महागठबंधन की बनी रहेगी, ऐसा आरजेडी के आला नेताओं को भरोसा है।

क्या है आरजेडी के इतना निश्चिंत रहने की वजह

बिहार के सियासी हलके में इस बात की जोरदार चर्चा है कि नीतीश कुमार की पार्टी में विद्रोह के बीज पड़ चुके हैं। अगर जेडीयू यही रंग-ढंग रहा तो उसके नेता खुद टूट जाएंगे। इसके दो कारण हैं। पहला यह कि जेडीयू के ज्यादातर सांसद-विधायक बीजेपी के साथ के आदी रहे हैं। वे जितना कंफर्ट बीजेपी के साथ महसूस करते रहे हैं, उतना आरजेडी के साथ रह कर नहीं। जेडीयू में एक खेमा ऐसा भी है, जो महागठबंधन के साथ रहने का पक्षधर है। जेडीयू में ललन सिंह प्रकरण पर छिड़ी चर्चा के बीच जेडीयू के दर्जन भर विधायकों का पटना में एक जगह जमा होकर गुफ्तगू करना जेडीयू में सब कुछ ठीक न रहने के शुरुआती संकेत हैं।

आरजेडी ने पहले से ही कर रखी अपनी तैयारी

बीजेपी को छोड़ कर नीतीश कुमार आरजेडी के साथ दो कारणों से गए थे। पहला यह कि वे बीजेपी का दबाव अपने उपर महसूस कर रहे थे। दूसरा, नीतीश को महागठबंधन में सामाजिक ताकतों का जमघट दिख रहा था। आरजेडी ने खुले मन से महागठबंधन में नीतीश को अगर स्वीकार किया तो इसके पीछे उसकी मंशा शायद यही रही हो कि इसी बहाने वह नीतीश-भाजपा की पुरानी दोस्ती तोड़ देगा और देर-सबेर नीतीश से सीएम की कुर्सी झटक लेगा। सीएम की कुर्सी आसानी से नीतीश छोड़ने को तैयार नहीं हैं तो आरजेडी ने नया दांव अख्तियार किया। उसने जेडीयू के वैसे विधायकों की पहचान कर ली, जो आड़े वक्त उसके काम आएं। जब से नीतीश कुमार का मन डोलने की खबर आरजेडी कैंप को लगी है, तभी से उसने वैकलपिक योजना पर काम शुरू कर दिया है। यानी नीतीश ने फिर एनडीए का दामन थामा तो उनके विधायकों को कैसे तोड़ लिया जाए। पटना में अगर जेडीयू के दर्जन भर विधायक चोरी-चुपके कहीं जुटते हैं और कुछ चर्चा करते हैं तो इसके पीछे आरजेडी की ही चाल है।

आरजेडी का एक ही लक्ष्य-तेजस्वी सीएम बनें

आरजेडी का एक ही लक्ष्य है कि उसके नेता बिहार के डेप्युटी सीएम तेजस्वी यादव किसी तरह सीएम बन जाएं। यह तभी हो सकता है, जब स्वेच्छा से नीतीश सीएम की कुर्सी छोड़ दें या महागठबंधन से अलग होने का फैसला करें। नीतीश कुमार बार-बार सफाई दे रहे कि बीजेपी के इशारे पर मीड़िया जेडीयू के बारे में अनाप-शनाप खबरें चला रहा है। जेडीयू में कहीं कोई गड़बड़ नहीं है। लेकिन जानकार बताते हैं कि खरमास बीतते बिहार की राजनीति नया करवट लेने को बेताब है। इसका स्वरूप भी लोग यह कह कर बताते हैं कि नीतीश फिर पलटी मारेंगे और एनडीए के साथ जाएंगे। जेडीयू के पुराने नेता नरेंद्र सिंह भी यही कहते हैं। जेडीयू से अलग होने के बाद चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज यात्रा कर रहे प्रशांत किशोर का भी यही मानना है।

तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने की क्या है तैयारी

तेजस्वी के पास अभी 115 विधायकों का समर्थन है। सरकार बनाने के लिए 243 सीटों वाली विधानसभा में 123 विधायकों के समर्थन की जरूरत है। यानी आरजेडी आठ विधायकों का बंदोबस्त कर ले तो तेजस्वी सीएम बन जाएंगे। आरजेडी की रणनीति है कि अगर जेडीयू ने एनडीए के साथ जाने का फैसला किया तो उसके आठ-दस विधायकों को अपने पाले में करना आसान होगा। आरजेडी की नजर जेडीयू के उन विधायकों पर है, जो आसानी से उसके साथ आ सकते हैं। आरजेडी को दल बदल कानून की भी परवाह नहीं, क्योंकि विधानसभा के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी उसके ही दल के हैं। दल-बदल का मामला आया भी तो वे 2025 के चुनाव तक मामले को लटका सकते हैं।

भाजपा तेजस्वी को कभी सीएम नहीं बनने देगी

भाजपा की अपनी तैयारी है। पहली तैयारी तो यह दिखती है कि नीतीश कुमार को किसी तरह साथ लाया जाए। अगर यह काम निर्विघ्न संपन्न हो गया तो बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बन जाएगी। अगर इसमें व्यवधान हुआ, जैसा कि जेडीयू के कुछ विधायकों के आरजेडी के प्रति आकर्षण की बात कही जा रही है तो इसकी भी चिंता बीजेपी को नहीं है। इसलिए कि राज्यपाल तो बीजेपी सरकार द्वारा ही नियुक्त है। तेजस्वी के दावा पेश करने की सथिति में वे रोड़े अंटका सकते हैं। वे दल बदल का मामला लटकने की बात कह कर सरकार बनने से रोक सकते हैं। तब राज्य में कुछ समय के लिए गवर्नर रूल भी हो सकता है। बीजेपी की योजना यह भी है कि नीतीश खुद सरकार गिरा दें और विधानसभा भंग हो जाए। फिर लोकसभा के साथ ही विधानसभा का चुनाव बीजेपी और जेडीयू मिल कर लड़ें।

एक से ज्यादा निकाह कर सकते हैं, पत्नियों से करें समान बर्ताव, हाई कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

सिटी 24 न्यूज

मद्रास हाई कोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि मुस्लिम पुरुषों को इस्लामिक कानून के तहत बहुविवाह का अधिकार है, लेकिन उन्हें सभी पत्नियों के साथ समान व्यवहार करना होगा। अगर वे ऐसा करने में विफल रहते हैं तो यह क्रूरता के दायरे में आएगा। पति की ड्यूटी है कि वह अपनी पत्नी की सही तरह से देखभाल करे।

हाई कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को जारी रखा। हाई कोर्ट ने इस मामले में फैमिली कोर्ट के उस फैसले को बहाल रखा है जिसमें क्रूरता के ग्राउंड पर पहली पत्नी के फेवर में तलाक की डिक्री पारित की गई थी। हाई कोर्ट ने इस तथ्य पर गौर किया कि पति और उसके परिवार वालों ने शुरुआत में पहली पत्नी को प्रताड़ित किया। गर्भावस्था में भी उसके साथ सही व्यवहार नहीं हुआ। इससे तंग आकर पहली पत्नी ने ससुराल छोड़ दिया। बाद में मुस्लिम पुरुष ने फिर शादी कर ली और दूसरी पत्नी के साथ वह रहने लगा था। हाई कोर्ट ने कहा कि पुरुष ने अपनी पहली पत्नी और दूसरी पत्नी को एक तरह से ट्रीट नहीं किया, जबकि इस्लामिक कानून के तहत पुरुष के लिए यह बाध्यता है कि वह पत्नियों को एक तरह से रखे।

क्रूरता पर मांगा जा सकता है तलाक

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि क्रूरता के मामलों में अदालत को वैवाहिक संबंध बहाल करने का आदेश पारित करने से पहले अन्य परिस्थितियों पर भी गौर करना चाहिए। इसके साथ ही कोर्ट ने एक व्यक्ति की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें अलग रह रही पत्नी के कहने पर पारिवारिक अदालत द्वारा अपनी शादी को तोड़ने को चुनौती दी गई थी।

न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ ने हेमसिंह उर्फ टिंचू द्वारा दायर पहली अपील को खारिज करते हुए कहा कि एक बार क्रूरता साबित होने पर तलाक मांगा जा सकता है। हालांकि, उसके बाद पार्टियां अपना आचरण कैसा रखेंगी, यह एक प्रासंगिक तथ्य हो सकता है।

राम मंदिर, आर्टिकल 370, तीन तलाक... असंभव भी संभव! 24 के चुनाव से पहले एजेंडा सेट, विपक्ष के पास क्या है काट

सिटी 24 न्यूज

लोकसभा चुनाव के लिए अभी से माहौल बन चुका है। विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A. सीट शेयरिंग का पेच सुलझाना तो दूर अभी उस पर चर्चा तक नहीं शुरू कर पाया है। दूसरी तरफ, बीजेपी ने फिर आएगा मोदी का हुंकार भर दिया है। पार्टी ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए कैंपेन सॉन्ग लॉन्च किया है जिसमें मोदी सरकार की उपलबधियों का जिक्र है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा है। उससे पहले ही देशभर में राममंदिर को लेकर एक अलग ही जोश का माहौल है और बीजेपी उसे भुनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही। 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र की सत्ता में लगातार तीसरी बार आने के लक्ष्य से उतरेंगे। लक्ष्य बड़ा है क्योंकि अबतक ये करिश्मा सिर्फ पंडित जवाहर लाल नेहरू ही कर पाए हैं।

राम मंदिर पर बन रहे माहौल का चुनाव में मिलेगा फायदा?

बीजेपी ने फिर आएगा मोदी कैंपेन सॉन्ग के जरिए अभी से 2024 के लोकसभा चुनाव का अजेंडा सेट कर दिया है। पार्टी का पूरा फोकस प्रो-इन्कंबेंसी फैक्टर पर है। हसरत अपनी उपलबधियों की बदौलत केंद्र की सत्ता में हैट्रिक लगाने की है। वीडियो सॉन्ग में बीजेपी ने मोदी सरकार की 2014 से अबतक की उपलबधियों का बखान किया है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण को लेकर बने माहौल को बीजेपी जमकर भुना रही है। 30 दिसंबर को पीएम मोदी अयोध्या में महर्षि बाल्मीकि इंटरनैशल एयरपोर्ट अयोध्या धाम का उद्घाटन करने वाले हैं। 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री मुख्य यजमान होंगे। इस मौके पर वह भाषण भी देंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बन रहे राम मंदिर का सेहरा भी बीजेपी के ही सिर बैठ रहा है। समारोह के लिए मिले न्योता को ठुकराकर विपक्ष उसका ही काम आसान कर रहा है। राम मंदिर के अलावा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल कॉरिडोर निर्माण जैसे कदमों से पार्टी अपने हिंदुत्व अजेंडे को और धार दे रही है।

असंभव को संभव कर दिखाने का जज्बा

प्रो-इन्कंबेंसी फैक्टर पर बीजेपी को यूं ही भरोसा नहीं है। मोदी सरकार की उपलबधियों की झोली भी भरी पड़ी है। पीएम मोदी की अगुआई में सरकार ने कुछ ऐसे काम किए हैं जिनके बारे में कल्पना करना तक मुशकिल था। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म करना वैसी ही उपलबधि है। एक बार में तीन तलाक बोलकर किसी महिला से एकतरफा शादी खत्म करने की कुप्रथा तलाक-ए-बिद्दत को खत्म करना, डिजिटल पेमेंट क्रांति भी वैसी ही उपलबधि है। बीजेपी ने अपने कैंपेन सॉन्ग में इन सभी उपलबधियों का जिक्र किया है। बात चाहे अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर बुलंद होते भारत की बुलंद तस्वीर की हो या वैश्विक मंचों पर देश की बढ़ती धाक की, आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर शानदार ट्रैक रिकॉर्ड हो या आतंकवाद के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक जैसे साहसिक कदम, पार्टी ने इन सबको मोदी सरकार की उपलबधि के तौर पर शोकेस किया है।

मोदी सरकार की उपलबधियों से बीजेपी को करिश्मे की उम्मीद

10 मिनट के वीडियो में पार्टी ने पिछले 10 साल में जिन वादों को पूरा किया गया है, उनको जिक्र किया है जिसमें राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 का खात्मा, तीन तलाक पर बैन, सड़कों के जाल, नए-नए एयरपोर्ट के निर्माण, रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर समेत बुनियादी विकास की परियोजनाएं शामिल हैं। इनके अलावा उज्जवला योजना, हर घर नल से जल, जनधन योजना, किसान सम्मान निधि, मुफ्त राशन योजना, पीएम आवास योजना, 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज से जुड़ी आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याण की योजनाओं से बीजेपी को इस बार भी उम्मीद है। कोरोना महामारी से निपटने के लिए देसी वैक्सीन, देश के आर्थिक महाशक्ति के तौर पर उभरने, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर मजबूती से बढ़ते कदम, आतंकवाद के खिलाफ निर्याणक जंग, चंद्रयान जैसी वैज्ञानिक उपलबधियों और जी-20 के सफल आयोजन को भी बीजेपी 2024 में भुनाने की पुरजोर कोशिश कर रही है। कैंपेन सॉन्ग में बीजेपी ने पीएम मोदी को 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं के प्रतीक के तौर पर पेश किया है।

बीजेपी के बुलंद हौसले

हाल ही में हिंदी पट्टी के तीन प्रमुख राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बीजेपी को मिली जबरदस्त जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पार्टी के रणनीतिकारों को 2024 लोकसभा चुनाव में और भी बड़े अंतर से जीत हासिल करने का भरोसा जगा है। इन चुनावों में बीजेपी बिना किसी सीएम फेस के उतरी थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ा। तीनों राज्यों में बीजेपी ने नए चेहरों को सरकार की कमान देकर चौंकाया है। लोकसभा चुनाव में तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आप में एक बड़े फैक्टर होंगे और बीजेपी को उम्मीद है कि मोदी फैक्टर निर्णायक साबित होगा। हाल में दिल्ली में हुए बीजेपी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में पार्टी ने 50 प्रतिशत वोट शेयर का लक्ष्य रखा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 37.4 प्रतिशत वोट मिले थे।

विपक्ष कैसे करेगा काट?

पीएम मोदी की हैटट्रिक को रोकने के लिए विपक्ष एकजुटता के मंत्र पर भरोसा कर रहा है। बीजेपी के खिलाफ ज्यादातर सीटों पर विपक्ष की तरफ से साझा उम्मीदवार उतारने की रणनीति के तहत 28 दलों ने I.N.D.I.A. नाम से गठबंधन भी बना लिया है लेकिन वह जमीन पर अभी छाप छोड़ने में नाकाम रहा है। जुलाई में ही गठबंधन की बुनियाद पड़ गई लेकिन 5 महीने बाद अबतक गठबंधन की एक भी साझा रैली नहीं हो सकी है। सबसे बड़ा पेच विपक्ष की तरफ से पीएम पद के उम्मीदवार और सीट शेयरिंग को लेकर है। सीट शेयरिंग पर तो अभी चर्चा तक नहीं शुरू हो पाई है। पश्चिम बंगाल, केरल, पंजाब, दिल्ली जैसे राज्यों में सीट शेयरिंग बहुत ही पेचीदा है। महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर विपक्ष सरकार को घेर रहा है। विपक्षी नेताओं के खिलाफ एजेंसियों के कथित दुरुपयोग का मुद्दा भी विपक्ष उठा रहा है। इसके अलावा जातिगत जनगणना की मांग को भी विपक्षी दल धार दे रहे हैं। हालांकि, हालिया विधानसभा चुनाव के नतीजों से दिखता है कि विपक्ष का कास्ट सेंसस दांव फेल रहा है।

वॉलीबॉल मैच के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणाम के संबंध में किया जागरूक

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के तहत थाना प्रबंधक धौज प्रभारी सत्यवान की टीम पुलिस के द्वारा गांव पावटा व सिरोही में खेल प्रतियोगिता के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणा के संबंध में जागरुक किया है। पहली खेल प्रतियोगिता गांव पावटा, पाखल, मोहबताबाद के युवाओं के बीच कराई गई थी।

दुसरी खेल प्रतियोगिता गांव सिरोही में भी सिरोही और खोरीजमालपुर के युवाओं के बीच कराई गई। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यवाओं को नशे के दुष्परिणाम के संबंध में जागरुक करते हुए थाना धौज प्रबंधक ने अपनी टीम के साथ आमजन को जागरूक करने के दो गांव में दो अलग-अलग टीमों के बीच में वॉलीबॉल मैच का आयोजन कराया गया और इस मुहिम के दौरान नोजवान युवाओ को समाज मे नशा से होने वाले दुषप्रभाव, नशा से होने वाली हानि के बारे जागरुक किया गया युवाओं को साइबर अपराध, डायल-112 की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई, साथ ही लोगो से पुलिस की अपिल की है कि अगर आप के एरिया में कोई नशा बेचता है तो उसकी सूचना आप पुलिस को दे, सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। आप लोगो शहर को नशा मुक्त बनाने में अपनी भागीदारी दे सकते है। पुलिस टीम ने युवाओं को नशे के चंगुल से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इसके साथ ही जागरूकता अभियान का समापन किया गया। सभी युवाओं ने पुलिस टीम द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान के लिए उनका तहे दिल से धन्यवाद किया।

सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लोग ले रहे हैं लाभ : विधायक नरेंद्र गुप्ता

विधायक नरेंद्र गुप्ता ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा, जन संवाद कार्यक्रम शिरकत

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के पात्र लाभार्थियों के घर द्वार पर खुशहाली लेकर गांव-गांव पहुंच रही है। इस दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है और मौके पर ही उनका निवारण किया जा रहा है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा, जन संवाद कार्यक्रम में अंबेडकर पार्क और बाल्मिकी पार्क सेक्टर 18 में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जहां विधायक नरेंद्र गुप्ता ने लाभार्थियों को गैस सिलेंडर और चूल्हा भेंट कर लोगों संग जन संवाद भी किया। वहीं उपस्थित लोगों विकसित भारत संकल्प शपथ दिलवाते हुए भागीदारी सुनिश्चित करने आह्वान किया।

विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहाकि मोदी जी जो कहते है उससे पूरा भी करते है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के माध्यम से मोदी जी ने सरकारी विभागों और सरकार को आपके बीच भेजा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है की समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर को उठाया जाए ताकि वह गरीबी रेखा से बाहर आए। इसके लिए अनेको प्यार को जनकल्याणकारी योजनाएं सरकार द्वारा चलायी गई है। मोदी जी ने संकल्प लिया है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। हम सब मिलकर विकसित भारत बनाने में सहयोग करेंगे। हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग का कल्याण हो रहा है और वास्तविक लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। गरीब धन के अभाव में इलाज से वंचित न रहे इसलिए आयुष्मान भारत चिरायु योजना लागू की है। इसके तहत, सालाना 5 लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा प्रदान की गई है।

हमारा संकल्प-विकसित भारत' की दिलाई गई शपथ :

विधायक नरेंद्र गुप्ता ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई।

स्टॉलो का किया अवलोकन :

विधायक नरेंद्र गुप्ता ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया और नागरिकों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए।। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया।

यह है विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य:

इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं शामिल हैं, जिन्हें इस यात्रा के माध्यम से जनता के समक्ष रखा जा रहा है। एलईडी वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर नागरिकों को जागरूक किया गया और मौके पर उपस्थित लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

इस अवसर पर पार्षद विनोद भाटी, नरेश नंबरदार, छत्रपाल, वजीर डागर, सचिन शर्मा, जतिन तंवर, पुनीत गौतम, बलराज माहोर, टोनी पहलवान, राजू तंवर, गिरिराज, परवीन जाटव, नरेश अग्रवाल, देवेंद्र गर्ग, सुशील ठकरान, एसडीओ राजकुमार, शिव गुप्ता, हेमा ठाकुर, गंगा सहाय, बंसी लाल, रविंद्र भाटी, रामू चौधरी, गौरव माहोर सहित अनेक गणमान्य नागरिक और विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

फर्जी चेक देकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, ठगी के कई मामलों का हुआ खुलासा

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। 11.32 लाख रुपए का स्टेशनरी का सामान खरीद कर, बैंक के बंद खाते का चेक देकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस चौकी आईएमटी की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी शानू कुमार मूल रुप से बिहार का तथा वर्तमान में दिल्ली जैतपुर में रह रहा है। आरोपी के खिलाफ पुलिस चौकी आईएमटी में एक शिकायत प्राप्त हुई कि आरोपी ने शिकायतकर्ता शैलेंद्र से व्हाट्सएप के माध्यम से चेट व कॉल कर चेक से पेमेन्ट देने के नाम पर 11.32 लाख रुपए का सामान खरीदा था जिसके लिए आरोपी ने एक चेक दिया था। जिसको शिकायतकर्ता ने कैश कराया तो चेक में जो खाता था वह बन्द हो चुका था। जिसकी शिकायत पर थाना सदर बल्लबगढ़ में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी।

आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस चौकी आईएमटी इंचार्ज सुनिल ने एक टीम सब इंस्पेक्टर अशोक, एएसआई समय सिंह, मुख्य सिपाही परमबीर व सिपाही अकित की टीम नियुक्त की। पुलिस टीम ने आरोपी को अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी को जैतपुर दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपी से पुलिस रिमांड के दौरान 8 लाख रुपए नगद व 70 बॉक्स ए-4 साइज पेपर बरामद किए गए है। आरोपी से पूछताछ में सामन आया कि आरोपी ने यह फ्रॉड का काम जून 2023 से शुरु किया है।

आरोपी नेट पर स्टेशनरी की दुकान सर्च करके फोन नम्बर निकल लेता था और फिर व्हाट्सएप के माध्यम से चेट व कॉल कर चेक से पेमेन्ट देने के लिए चेक के माध्यम से देने के लिए कहता था। जो भी दुकानदार सामान देने के लिए कहात था उससे स्टेशनरी का सामान लेकर फर्जी चेक दे देता था। आरोपी ने अपने नाम का एक जीएसटी नम्बर ले रखा था। 6 महिने तक सरकार को कोई टेक्स नही देने के कारण जीएसटी नम्बर कैंसल हो गया था। जिस कैंसल जीएसटी नम्बर पर अनुराग इंटरप्राइजेज के नाम से कॉरपोरेशन व आईसीआईसीआई में फर्म खाते खुलवाए और बैंक को अपना पहले से कैंसल शुदा जीएसटी नंबर दे दिया।

बैंक ने आरोपी को पासबुक के साथ-साथ एक चैक बुक भी उपलब्ध कराई। बैंक के द्वारा जब आरोपी के जीएसटी नंबर को वैरिफाई किया तो बैंक ने आरोपी को नोटिस किया कि जीएसटी नंबर एक्टिव नही है। लेकिन आरोपी ने ना तो अपना जीएसटी नंबर एक्टिव कराया और ना ही बैंक को चैक बुक वापिस दिया। जिसके कारण बैंक के द्वारा आरोपी के अकाउंट बंद कर दिया। लेकिन आरोपी ने चेक बुक से आरोपी ने चेक काट कर लोगो को ठगी का शिकार बनाया है। जब पुलिस टीम के द्वारा आरोपी के फोन को चेक किया गया तो आरोपी के साथ हुई अन्य चेट में अन्य फ्रॉड की वारदातों का खुलासा हुआ जिसमें फरीदाबाद, गुरुग्राम, दिल्ली, नोएडा वारदात शमिल है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-31, दिल्ली के संगम विहार, नोएडा, गुरुग्राम में मामले दर्ज है। आरोपी के खिलाफ सेक्टर-59, सेक्टर-15 में भी शिकायत दर्ज है। आरोपी के संबंध मे संबंधित थानों को सुचित कर दिया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में हर घर तक पहुंच रहा है नल से जल : राजीव चंद्रशेखर

राजीव चंद्रशेखर ने जल जीवन मिशन के लक्ष्य को समय से पूर्व हासिल करने पर की हरियाणा सरकार की सराहना, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री की थपथपाई पीठ

9 वर्षों में डार्क जोन से बाहर निकला दक्षिण हरियाणा।

हर घर जल से मटका फोड़ प्रथा हुई बंद।

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। केंद्रीय कौशल विकास, उद्यमशीलता, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश के हर घर में नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य पर सरकार आगे बढ़ रही है। हरियाणा प्रदेश ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से जल पहुंचाने का जो लक्ष्य निर्धारित समयावधि में पूरा किया है उसके लिए हरियाणा सरकार बधाई की पात्र है। केंद्रीय राज्य मंत्री शुक्रवार को बावल उपमंडल के गांव रघुनाथपुरा व चांदुवास में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रदेश के जन स्वास्थ्य मंत्री डा.बनवारी लाल ने केंद्रीय राज्य मंत्री का स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया। आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के आदर्श पर काम करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार जल जीवन मिशन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है जिसके तहत 'नल के माध्यम से सुरक्षित पानी' के प्रावधान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सभी घरों, स्कूलों, आंगनवाड़ी और अन्य सार्वजनिक संस्थानों में सभी के लिए सुरक्षित और किफायती जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर घर जल मिशन में देश में बेहतरीन कार्य किया है और एक साल पहले ही लक्ष्य को पूरा कर लिया है जो सरकार की एक बेजोड़ उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वे यहां यह देखने व सीखने आए हैं कि हरियाणा ने इस मिशन को कैसे पूरा किया। केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल की पीठ थपथपाते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है लेकिन देश की जनता का भी यह दायित्व बनता है कि वह इस मिशन में सरकार का साथ निभाएं। इसके लिए समय-समय पर खुद सरकार लोगों से आगे आकर अपनी भूमिका अदा करने की अपील करती रही है।

केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार तो पहले भी रहीं हैं लेकिन तब देश में इतने वृहद स्तर पर घरों तक पाइप लाइन से जल पहुंचाने का कार्य नहीं हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र की प्रगति के लिए जल संसाधनों के समुचित उपयोग हेतु 'वाटर वॉरियर' बनने का आह्वान किया जो आज देश का विजन और मिशन बन गया है। उन्होंने कहा कि तक हर ग्रामीण को घर में नल से जल का पानी उपलब्ध कराने के प्रति सरकार प्रतिबद्ध है तथा लक्ष्य की पूर्ति के लिए केंद्र सरकार दिन-रात काम कर रही है। 'जल ही जीवन है' जल से ही सबका जीवन खुशहाल होगा और यह तब संभव है जब नल से हर घर जल पहुंचेगा। भारत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'हर घर जल' को लेकर देखे गए सपने को हासिल करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। आज सरकार के तमाम प्रयासों से जल की हर छोटी बूंद से देश के 140 करोड़ लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है।

जल शक्ति राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारत के गांवों में जितने पानी का इस्तेमाल होता है उसका लगभग 65 से 70 प्रतिशत पानी गंदे जल यानि ग्रे-वाटर में बदल जाता है। जल संरक्षण के लिए ग्रे-वाटर का प्रबंधन भी हमारा दायित्व ही नहीं कर्तव्य भी है। जल जीवन मिशन में हर घर नल से जल पहुंचाने का संकल्प तभी पूरा होगा जब इसमें जन-जन की भागीदारी होगी। हम इसमें अपनी भागीदारी भले ही डायरेक्ट न निभा पाते हों लेकिन इन्डायरेक्ट तरीके से भी पानी का संचय कर इस मिशन में अपनी भूमिका अदा कर सकते हैं। आवश्यक है कि हम सभी जल का महत्व समझें और इसे बिल्कुल भी व्यर्थ न करें।

हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर का बावल हलके में पहुंचने पर अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले 9 वर्षों में दिन-रात एक करके दक्षिणी हरियाणा को डार्क जोन से बाहर निकालने का काम किया है। अब प्रदेश के हर घर में नल से स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि पहले महिलाओं द्वारा मटका प्रदर्शन किया जाता था। सरकार ने महिलाओं की इस समस्या का समाधान किया है। जल जीवन मिशन से माताओं और बहनों के जीवन में काफी सुधार आया है। उनका जीवन आसान बनाने में जल जीवन मिशन अत्यंत प्रभावी साबित हो रहा है। जहां महिलाएं पहले दूर-दराज के इलाकों से पानी लाने में अपना ज्यादा समय व्यतीत करती थीं अब वे यही समय अपने घर के अन्य कामकाज और परिवार को दे पा रही है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि सरकार की लाभकारी योजना से अब महिलाएं अपने बच्चों को भी समय दे पा रही हैं। वहीं उनके जीवन से पानी का बोझा ढोने की बड़ी समस्या छू-मंतर होती नजर आ रही है। यह ग्रामीण आबादी को महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक लाभ भी प्रदान कर रहा है। इस तरह से बचाए गए समय का उपयोग आय सृजन गतिविधियों, नए कौशल सीखने और बच्चों की शिक्षा में सहायता के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब देश की महिलाओं को पानी लाने के लिए कई किलोमीटर दूर पैदल जाना पड़ता था। ऐसे ही अपनी जान पर खेलकर कई महिलाएं अपने परिवार के लिए कोसों दूर से पानी भर कर लाती थीं। इस अवसर पर राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर व सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण व पौधारोपण भी किया।

व्यवस्था परिवर्तन के साथ ग्रामीण आंचल को बनाया जा रहा है सशक्त : दुष्यंत चौटाला

घर द्वार पर सरकारी सेवाओं का लाभ देते हुए जनहित की दिशा में कदम बढ़ा रही सरकार।

उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गांव तिहाड़ा, प्राणपुरा व आसलवास में जनसभाओं को किया संबोधित।

ग्रामीणों ने उप मुख्यमंत्री का फूल मालाओं और पगड़ी पहनाकर किया स्वागत।

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए विशेष रूप से ग्रामीण आंचल को सशक्त व मजबूत बनाने की दिशा में सराहनीय कदम उठाए हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति तक को लाभान्वित करने के लिए घर द्वार पर सरकारी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं जिनका लाभ पात्र लोगों को प्रभावी रूप से मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शुक्रवार को बावल विधानसभा क्षेत्र के गांव तिहाड़ा, प्राणपुरा व आसलवास में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। गांव में पहुंचने पर उन्होंने ग्राम पंचायत की मांगों पर संज्ञान लेते हुए यथासंभव पूरा करने का विश्वास दिलाया। ग्रामीणों ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत फूल मालाओं व पगड़ी बांधते हुए किया। उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीण जनसभाओं में कहा कि मौजूदा सरकार की सोच हरियाणा प्रदेश का विकास करवाने की है और सरकार बिना किसी भेदभाव के राज्य के प्रत्येक हल्के व प्रत्येक गांव का एक समान विकास करवा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 'अंत्योदय' व 'समान' विकास की विचारधारा के साथ काम कर रही है और कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से कदम बढ़ाते हुए सरकार लोगों को सरकारी सुविधाएं एवं सेवाएं उनके घर द्वार पर ही प्रदान कर रही है। अब कोई भी नागरिक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकता है। ऑनलाइन प्रक्रिया के अमल में आने से प्रदेश के नागरिकों को जाति, जन्म व रिहायशी प्रमाण पत्र, बुढ़ापा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, आधार कार्ड, पैन कार्ड जैसी लगभग सभी सुविधाएं घर से ही प्राप्त हो रही है, इससे जन साधारण को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने तथा समय व पैसे की बचत जैसी राहत मिली है।

उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों को सुविधा दी है। अब फसल बेचने के दो दिन के अंदर-अंदर उपज का मूल्य किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर हो जाता है। सरकार की ओर से किसानों को फसल खराब होने पर जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से आए आवेदन अनुरूप मुआवजा राशि पीड़ित किसानों के खाते में तत्परता से पहुंच रही है। हरियाणा सरकार निरंतर नवाचार और नई-नई पहलों के माध्यम से किसानों की प्रगति सुनिश्चित कर रही है। सरकार बीज से बाजार तक अवधारणा के अनुरूप किसानों को उत्तम बीजों के वितरण से लेकर उनकी फसल खरीद हेतु बाजार तक पहुंच की व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है। अब सीएससी के माध्यम से माउस की एक क्लिक पर जमीन की फर्द निकल जाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जिन परिवारों की आय 1.80 लाख रुपए से कम हैं उन परिवारों को सरकार की योजनाओं व सेवाओं का सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है। सरकार ने प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता से किए वायदे पूरे कर रही हैं। उप मुख्यमंत्री श्री चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कल्याणकारी नीतियां लागू कर किसान, कमेरे और मजदूर वर्ग को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने का काम किया है। आज प्रदेश के किसान को फसल का पूरा भाव मिल रहा है तथा फसलों के दाम 48 घंटे के अंदर किसानों के खाते में भेजे जा रहे हैं। गांवों में पार्क, व्यायामशाला और ई-लाईब्रेरी बनाकर शहरों जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। प्रदेश में ऐसा कोई विधानसभा क्षेत्र नहीं है, जहां विकास कार्य नहीं हो रहे हों। सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है, जिससे महिलाओं का सम्मान बढ़ा है और उनमें आत्मविश्वास की भावना प्रबल हुई है। इसी प्रकार तीन में से एक राशन डिपो महिला को दिए जाने का प्रावधान किया है। सरकार ने 600 सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन कर दिया है, परिणाम स्वरूप सीएससी सेंटर के माध्यम से घर के पास से ही लोग सरकारी सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर जजपा जिलाध्यक्ष विजय सिंह, राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौधरी, पूर्व विधायक रामेश्वर दयाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, प्रदेश महासचिव श्यामसुंदर सब्बरवाल, मंजीत जैलदार, रामफल कोसलिया, बिमला चौधरी, राजबीर तिहाड़ा, राजबीर कालूवास, सत्येंद्र बाबा, प्रवक्ता अमन जून, युवा प्रधान संदीप श्योराण, चौ देवीराम, भूप सिंह, जगदीश प्राणपूरा, धर्मवीर पहलवान, सुधीर चौधरी, धर्मवीर चौकन, सुन्दर खटाना, जीतराम सरपंच, शिशराम चौकन, टेकचन्द सैनी, सचिन ढींगरा, अधिवक्ता अरुण यादव, सतीश सरपंच बुडोली, धर्मपाल देशवाल, भूपेंद्र शेखपुर, ज्योति सांगवान, इनसो प्रभारी रवि मसीत, सन्नी ततारपुर, सत्येंद्र झाबुआ, कमल मंगलेशवर, विपिन माजरा, शेर सिंह कटारिया, रणबीर चेयरमैन, भरत नंबरदार, सुमन शर्मा, डॉ.भागीरथ, रणजीत नंबरदार, मंगल रोहडाई, झम्मन बिदावास, चरण सिंह, योगेश पटेल, प्रदीप कसाना, सोनू मेहंदीरत्ता सहित अनेक कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

पति से अनबन होने का पुलिसकर्मी ने उठाया फायदा

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

विवाह का लालच दे किया शारीरिक शोषण।

पीड़ित महिला ने लगाई महिला आयोग में गुहार।

रेवाड़ी। एक महिला ने महिला आयोग को ईमेल भेज कर अपनी अस्मत से हुए खिलवाड़ को लेकर एक पुलिस कर्मचारी के विरुद्ध शिकायत भेजी है। प्राप्त जानकारी अनुसार रेवाड़ी की एक महिला का विवाह बावल निवासी एक युवक से हुआ था। पति से अनबन चल रही थी। डीएसपी जांच के दौरान उसकी मुलाकात बावल थाने में तैनात एक कांस्टेबल बलराज से हो गई। बलराज ने केस में उसकी हेल्प करने के बहाने उसे अपने जाल में फांस लिया। महिला ने आयोग को बताया कि अब वह रेवाड़ी रह रही है। कांस्टेबल ने उसे घुमाने फिराने व तलाक के बाद उस से शादी करने का लालच दे उसकी कई आपतति जनक तस्वीरें ले ली। एक दिन उसने शादी का झांसा देकर मानेसर के गेस्ट हाउस में बुला लिया व वहां पर उंसके साथ बिना मर्जी के सारी रात रेप किया। बाद में एक गर्भपात की गोली खिला कर भेज दिया व कहा कि मैं शादी शुदा हूँ आप से शादी नहीं कर सकता। महिला ने आयोग को बताया कि पुलिसकर्मी होने के नाते वह सभी कानूनी दावपेच जानता है। अत: आयोग मेरी मदद करे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' में 'हरियाणा' देशभर में पहले पायदान पर : डा. बनवारी लाल

सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने गांव चांदूवास व खेड़ी डालूसिंह में ग्रामीणों से किया संवाद

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

बावल। हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश भर में 30 नवंबर को शुरू की गई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' दिन-प्रतिदिन लाभार्थियों में नया जोश भर रही है। प्रदेशभर में हर दिन लाखों लोग यात्रा से जुड़ कर लाभानवित हो रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की प्रगति के मामले में 'हरियाणा' देशभर में पहले स्थान पर है। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल शुक्रवार को बावल विधानसभा के गांव चांदूवास व खेड़ी डालूसिंह में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' का गर्मजोशी से स्वागत करने उपरांत उपस्थित लोगों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने 2047 में देश को विकसित राष्ट्रों की सूची में शामिल करने के लिए किए जा रहे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास को पूर्ण करने में सभी लोगों के सहयोग की अपील की और लोगों को संकल्प भी दिलाया।

डा. बनवारी लाल ने जिला प्रशासन के अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में 'हरियाणा' प्रदेश आगे भी पहले पायदान पर बना रहे, इसके लिए अधिकारी लगातार कड़ी मेहनत और लगन से अपने कर्तव्यों का निवर्हन करते रहें। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाएं समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति तक पहुंचाना अधिकारियों की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने अब ऐसी व्यवस्था बनाई है कि गरीब लाभपात्रों योजना का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। भविष्य में इसके और भी बेहतरीन परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर भारत वर्ष 2047 तक 'आत्मनिर्भर और विकसित' देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो व्यवस्था परिवर्तन किया है उसे हर नागरिक को फायदा हुआ है। इस अवसर पर लाभार्थियों को सरकार की 9 साल की उपलबधियों पर आधारित कैलेंडर व ब्रॉशर का वितरण भी किया गया। लोगों ने ड्रोन के जरिए खेतों में यूरिया और डीएपी का छिड़काव करने की मॉक ड्रिल भी देखी।

सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों को दफ्तर, दरखास्त और दस्तावेज से मुक्ति दिलाते हुए उन्हें घर बैठे ही योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया है। इस दिशा में परिवार पहचान पत्र सबसे अहम दस्तावेज बनकर उभरा है। मई 2022 में सरकार ने वृद्धावस्था सम्मान भत्ते को परिवार पहचान पत्र से जोड़ा और तबसे अब तक प्रदेश में घर बैठे बुजुर्गों की पेंशन शुरू हुई है। राज्य सरकार ने वृद्धावस्था सम्मान भत्ते का ज्यादा से ज्यादा वृद्धों को लाभ पहुंचाने के लिए इसके लिए आय सीमा को 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपए वार्षिक तक किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में लाभार्थियों को 1000 रुपये मासिक पेंशन मिलती थी। वर्तमान सरकार ने हर साल सम्मान भत्ता की राशि में वृद्धि करते हुए 2,750 रुपए मासिक किया और अब नववर्ष पर पहली जनवरी, 2024 से इस राशि को बढ़ाकर 3 हजार रुपए करने का निर्णय लिया है।

रेवाड़ी पुलिस ने गांव परखोतमपुर में वॉलीबाल प्रतियोगिता का किया आयोजन

युवाओ को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की दी जानकारी

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। प्रदेश सरकार की हरियाणा उदय मुहिम के तहत पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी दीपक सहारन के कुशल मार्गदर्शन में गांव परखोतमपुर में जिला पुलिस की तरफ से वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रेवाड़ी पुलिस द्वारा जिले में हरियाणा उदय मुहिम के तहत नशा विरोधी अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत गांव परखोतमपुर में पुलिस की तरफ से वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रबंधक थाना जाटुसाना निरीक्षक भगवत प्रसाद, स.उप.नि. बाबुलाल, सि. धीरज तथा गांव के अन्य मौजिज व्यक्ति व खिलाड़ी मौजूद रहे। प्रबंधक थाना जाटुसाना निरीक्षक भगवत प्रसाद द्वारा सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक थाना जाटुसाना निरीक्षक भगवत प्रसाद द्वारा युवाओं को नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए जागरूक किया गया और लोगों से नशा बेचने वालों, नशे का व्यापार करने वालों और किसी भी आपराधिक घटना के बारे में पुलिस को सूचित करने की अपील की गई। उन्होंने ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवा नशे की दलदल से बचे तथा देश व समाज के निर्माण में अहम योगदान दे। सभी नशे से दूर रहे और नशा न करें। जिला पुलिस द्वारा खेल प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना है। ताकि वह शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बन सकें। जिला पुलिस प्रशासन की तरफ से इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे।

प्ले स्कूलों ने किया पंजीकरण करवाना शुरू : डीसी विक्रम सिंह

कहा- सरकार के पास प्ले स्कूलों की पंजीकरण अनिवार्य

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग व महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जारी की गई है गाइडलाइन

बिना पंजीकरण चल रहे प्ले स्कूलों पर होगी विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही

निजी प्ले स्कूलों के पंजीकरण फ्री आफ कोष्ट

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार प्ले स्कूलों ने पंजीकरण करवाना शुरू कर दिया है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा सरकार के पास प्ले स्कूलों की पंजीकरण करवाना अनिवार्य हो गया है। जिला फरीदाबाद में चल रहे निजी प्ले स्कूलों का पंजीकरण करने की श्रृंखला में दो प्राइवेट प्ले स्कूलों को पंजीकरण नम्बर दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण किया जा रहा है । इसी कड़ी में शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू श्योराण व परियोजना अधिकारी सुशीला सिंह और विकल ने विभाग की और से जिले में निजी/प्राइवेट प्ले स्कूल, संस्कार भारती व छत्रपति स्कूल को पंजीकरण सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

जिला महिला एवं बाल विकास की परियोजना अधिकारी डॉ. मंजू श्योराण ने बताया कि राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग व महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार सभी निजी प्ले स्कूलों को पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि बिना पंजीकरण चल रहे प्ले स्कूलों पर विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

यहां पर करें आवेदन

उन्होंने आगे बताया कि प्ले स्कूल संचालको को गाइडलाइन के अनुसार आवेदन दूसरा तल लेबर कोर्ट सेक्टर- 12 में जिला कार्यक्रम आधिकारी महिला एवं बाल विकास कार्यालय में किया जा सकता है आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज जो wcdharyana.gov.in पर उपलब्ध हैं। वहीं कार्यालय में भोतिक रूप से जमा करना अनिवार्य है।

प्ले स्कूलों के लिए यह हिदायत जरूरी

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कोर्डिनेटर विकल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्ले स्कूल को कक्षा में 20 बच्चों पर एक अध्यापक और एक केयरटेकर रखना जरुरी है। स्कूल में विश्राम कक्ष, लड़के व लडकियों के लिए चाइल्ड फ़्रेंडली शौचालय जरुरी है। उन्होंने आगे बताया कि खेलकूद गातिविधियों के लिए प्ले ग्राउंड व सीसीटीवी कैमरा होना भी अनिवार्य है।

निजी प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए किसी भी प्रकार की फ़ीस नहीं

जिला कोर्डिनेटर विकल ने बताया कि वर्तमान समय में विभाग द्वारा निजी प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए किसी भी प्रकार की फ़ीस नहीं ली जा रही है। सभी निजी प्ले स्कूलों द्वारा पंजीकरण जल्द से जल्द करवाना आवश्यक हैं।

उपायुक्त द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

विकसित भारत संकल्प यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करें फील्ड अधिकारी: डीसी विक्रम सिंह

डीसी ने कहा प्रतिदिन 2 गाँवों और शहर के दो वार्डो को कवर रहा हैं मोदी जी के गारंटी वाले रथ प्रचार वाहन

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कर सम्बंधित विभागों के अधिकारियो को दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करें। डीसी ने कहा प्रतिदिन 2 गाँवों और शहर के दो वार्डो को मोदी जी के गारंटी वाले रथ प्रचार वाहन कवर कर रहा है। डीसी ने कहा कि देश सहित पूरे प्रदेश में आगामी 26 जनवरी तक आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्राएं जन संवाद कार्यक्रमों में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी अपनी उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला फरीदाबाद में ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने के लिए अब से दो वैन चलाई जाएंगी। जिससे ज्यादा से ज्यादा ग्रामवासियों को इस यात्रा का लाभ प्राप्त हो सके। सभी विभागों के जिला नोडल अधिकारी और फील्ड अधिकारी इस यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें। यात्राओं में युवाओं व स्कूली विद्यार्थियों की भागीदारी के लिए विकसित भारत थीम पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए तथा विजेताओं और लाभार्थियों को इनाम या पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जा रहा है।

डीसी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में फरीदाबाद जिला में अधिकारियों को क्रियानवित की जा रही विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सभी अधिकारियों की ड्यूटी लगी हुई है। यात्राओं में विभिन्न विभागों जैसे आयुष, हेल्थ, शिक्षा, क्रिड, समाज कल्याण आदि द्वारा आमजन की सुविधा के लिए कैम्प भी लगाए जा रहे हैं।

इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विकसित भारत थीम पर स्कूली बच्चो के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है। जिससे की युवा वर्ग की भागीदारी भी इस यात्रा में सुनिश्चित की जा जाए। यात्राओं के माध्यम से आमजन तक केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है तथा भावी लाभार्थियों को चयनित कर उन्हें योजना का लाभ देने का कार्य किया जाए। समीक्षा बैठक उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन यात्राओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सप्ताह मे दो बार साइटों पर पहुंचना सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसीपी राजीव कुमार सहित एमसीएफ, स्मार्ट सीटी, नगर योजनाकार विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

नशे की लत से दूर रहने और साइबर क्राइम से बचने के लिए किया जागरूक

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ पुलिस महानिदेशक हरियाणा श्री शत्रु जीत कपूर निर्देश अनुसार समुचित हरियाणा में पुलिस के द्वारा बच्चों और युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिससे कि युवाओं में खेलों के जरिए अपनी शारीरिक व बौद्धिक क्षमताओं का विकास किया जा सके। क्योंकि आजकल हम अपने निजी जीवन में व्यस्त होने के कारण खेल जगत की दुनिया से दूर हटते जा रहे हैं। जो युवाओं की खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सब की है। जिसके अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर श्री राकेश कुमार आर्य, डीसीपी बल्लबगढ़ श्री राजेश दुग्गल और एसीपी सिटी बल्लभगढ़ विष्णु प्रसाद के आदेश अनुसार आज दिनांक 28 दिसंबर 2023 को थाना प्रबंधक आदर्श नगर निरीक्षक संजय कुमार ने अपने थाना की पुलिस टीम के साथ बल्लभगढ़ में स्थित छत्रपति शिवाजी क्रिकेट अकादमी में जाकर अकादमी में प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं में बच्चों को क्रिकेट वह अन्य कई खेल खिलाएं। जिसके दौरान पुलिस टीम ने खुद भी खेलों में हिस्सा लिया और प्रशिक्षण के लिए आए हुए युवाओं को बच्चों की अलग-अलग टीम बनाकर उनके मैच कराये। और वहां पर उपस्थित युवाओं को अपने दैनिक जीवन में शारीरिक क्रियाएं , करने के संबंध में युवाओं को फायदे बताएं और बताया कि किस प्रकार में शारीरिक क्रियाएं करके अपने आप को स्वास्थ्य फिट रख सकते हैं।

इसके साथ ही थाना प्रबंधक संजय कुमार ने युवाओं को आजकल तेजी से बढ़ रहे साइबर क्राइम के संबंध में जागरूक करते हुए बताया कि वह किसी के साथ भी अपना ओटीपी शेयर ना करें, फोन पर प्राप्त होने वाली फ्रॉड कॉल से बचें, और इंटरनेट पर चल रही कई प्रकार के स्कैम के बारे में अवगत भी कराया।

डायल 112

थाना प्रबंधक आदर्श नगर निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि डायल 112 की गाड़ियों पर किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर 112 की पुलिस गाड़ी 5-10 मिनट के अन्दर पहुंच कर पुलिस सहायता दी जाती है । डायल 112 की गाड़ी में फर्स्ट एड किट भी मौजूद रहती है सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार किया जा सके। इसके साथ ही निरीक्षक ने मौजूद युवाओं को डायल 112 एप डाउनलोड और संचालन करना सिखाया।

आदर्श नगर थाना प्रबंधक ने छत्रपति शिवाजी क्रिकेट क्रिकेट अकादमी में अपनी पुलिस टीम के साथ जाकर बच्चों में युवाओं को बढ़ावा देने के लिए, और युवाओं में बच्चों को नशे की लत से दूर रहने और साइबर क्राइम से बचने के संबंध में किया जागरूक

नशा तस्करी करने पर रोक

निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि अगर उनके क्षेत्र में कोई नशा तस्करी ,नशा बेचने संबंध में कार्य करता है या इस प्रकार के काम में संलिप्त होता है। तो वे इसकी सूचना पुलिस के टोल फ्री नंबर 9050891508 पर भी दे सकते हैं।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन 18 जनवरी को

03 जनवरी तक ईआरओ करें करवा सकते हैं नाम दर्ज करवाने के लिए दावे और आपतति

एसडीएम अमित मान को बड़खल क्षेत्र और एसडीएम त्रिलोक चंद को बल्लभगढ़ क्षेत्र के लिए किया गया सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

केसधारी युवाओं और नाम के साथ कौर लगाने वाली सिक्ख धर्म लोगों के बनाए जा रहे हैं वोट

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन 18 जनवरी को हरियाणा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार किया जाएगा। डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि आगामी 03 जनवरी तक ईआरओ के कार्यालयों में नाम दर्ज करवाने के लिए दावे और आपतति करवाए जा सकते हैं।

डीसी विक्रम सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में गुरूद्वारा कमेटी चुनाव के लिए मतदाता सूची के फाइनल ड्राफ्ट बारे बारिकी से समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियो को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरूद्वारा कमेटी चुनाव के लिए मतदाता सूची हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची में तीन जनवरी 2024 तक नाम दर्ज करवा सकते हैं। एसडीएम अमित मान को बङखल क्षेत्र और एसडीएम त्रिलोक चंद को बल्लबगढ क्षेत्र के लिए सहायक रिटर्निगं अधिकारी नियुक्त किया गया है। गुरूद्वारा कमेटी चुनाव के लिए केसधारी युवाओं और नाम के साथ कौर लगाने वाली सिक्ख धर्म लोगों के वोट बनाए जा रहे हैं।

समीक्षा बैठक में फरीदाबाद मेट्रोपोलिटन विकास प्राधिकरण /एफएमडीए की ज्वाइंट कमीशनर कम गुरूद्वारा कमेटी चुनाव की नोडल अधिकारी गौरी मिड्डा ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव के लिए मतदाता सूची का मसौदा 18 दिसंबर 2023 को प्रकाशित किया जा चुका है। वहीं मतदाता सूची के प्रारूप की एक प्रति संबंधित उपायुक्तो/ डीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

इसकी एक प्रति संबंधित उपायुक्त, रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निगं अधिकारी, तहसीलदार, पटवारी के कार्यालय और ऐसे क्षेत्र में स्थित प्रत्येक अधिसूचित सिख गुरुद्वारों में भी उपलब्ध है। उन्होंने आगे बताया कि कोई भी सिक्ख जो सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार गुरूद्वारा कमेटी चुनाव में मतदाता के लिए अपेक्षित योग्यता पूरी करता है और उसने अभी तक अपना नाम हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची में दर्ज नहीं करवाया है, वह तीन जनवरी 2024 तक अपना नाम दर्ज करवाने के लिए रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निगं अधिकारी को आवेदन कर सकता है। गुरूद्वारा कमेटी चुनाव के लिए मतदाता नाम पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निगं अधिकारी, तहसीलदार, पटवारी के कार्यालय में उपलब्ध है और इसे संबंधित कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट गुरूद्वाराइलैक्शनएचआरवाई.इन (https://gurdwaraelectionshry.in/) से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

समीक्षा बैठक में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल अमित मान, एफएमडीए की संयुक्त आयुक्त गौरी मिड्डा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

संपादकीय

AI के लिए बने अलग मंत्रालय

आजकल दुनिया भर में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) से बनती उम्मीदों और आशंकाओं का ग्राफ जिस तेजी से चढ़ता जा रहा है, उससे साफ है कि अपने देश में भी इसके लिए अलग से एक मंत्रालय गठित करने का वक्त आ गया है। इसके अलग-अलग पहलुओं की पड़ताल करते हुए इस जरूरत की अहमियत को बेहतर ढंग से महसूस किया जा सकता है।

सही तालमेल जरूरी : आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में AI का बढ़ता दखल इस बात का सबूत है कि लोग इससे अच्छे-बुरे ढंग से प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में AI को जिम्मेदार बनाने की जरूरत है। ध्यान रखने की बात यह है कि इस दिशा में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के प्रयास आम लोगों की आकांक्षाओं और आशंकाओं के अनुरूप होने चाहिए। एक स्वतंत्र और समर्पित मंत्रालय नए बनते कानूनों की कमियां दूर करते हुए इस प्रक्रिया को आसान बना सकता है।

सामरिक इस्तेमाल : एक अहम पहलू सामरिक क्षेत्रों में AI के इस्तेमाल का है। दूसरे देशों या नॉन स्टेट ऐक्टरों की अवांछित गतिविधियों से बचाव का काम सरकार के ही निर्देशन में चल सकता है। अलग मंत्रालय से न केवल इस कार्य को ज्यादा तवज्जो मिल सकेगी बल्कि इससे टेक्नॉलजी के विकास के अनुकूल माहौल बनाने में भी मदद मिलेगी। इसी से भविष्य में जेनरेटिव AI से भी ज्यादा ताकतवर तकनीक की संभावनाएं भी मजबूत होंगी।

नाजुक मसला : तकनीक के नए चरण का विकास कितना नाजुक मसला है, यह UAE के AI मामलों के मंत्री उमर अल ओलामा की बातों से साफ होता है। वह बताते हैं कि कैसे टेक्नॉलजी से डर और प्रिंटिंग प्रेस के ओवर रेग्युलेशन ने पश्चिम एशिया को करीब 200 वर्षों तक इस फील्ड में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से दूर रखा।

दुरुपयोग पर रोक: यह बात भी है कि AI का गैर-जिम्मेदाराना इस्तेमाल कई तरह के खतरों को जन्म दे रहा है, जो आखिरकार AI की ग्रोथ की रफ्तार को भी प्रभावित करेगा। ध्यान रहे, टेक्नॉलजी डिवेलपर्स हों या उनके क्लाइंट्स, इन दोनों का आचरण नैतिक बना रहे यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सरकार की ही होती है।

नीति आयोग का जिम्मा : अभी AI को लेकर सरकार के रेस्पॉन्स की अगुआई नीति आयोग कर रहा है। चाहे नई टेक्नॉलजी को टेस्ट करने की बात हो या उसके लिए अनुकूल इकोसिस्टम बनाने की, दोनों काम उसी के जिम्मे हैं। लेकिन ये दोनों काम बेहतर ढंग से अंजाम दिए जा सकते हैं अगर एक स्वतंत्र मंत्रालय के सुपुर्द कर दिए जाएं, जहां न केवल एक निश्चित बजट होगा बल्कि ज्यादा लोग भी जुड़े होंगे।

समझना होगा कि भारत जैसी बड़ी इकॉनमी वाले देश में AI के लिए एक निर्धारित रास्ता सुनिश्चित करने की जरूरत है और इस काम को अंजाम देने वाली संरचना जितनी जल्दी बना दी जाए, भविष्य के दुष्परिणामों को रोकना उतना आसान होगा।

रामपुरा हाउस में 31 को अभिजीत राव कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। अहिरवाल के कद्दावर नेता राव अजीत सिंह के छोटे बेटे अभिजीत राव अपने बड़े भाई स्वगीर्य राव अजुर्न सिंह की जन्म स्थली रामपुरा हाऊस में 31 दिसम्बर रविवार को 11बजे हवन एवं प्रसाद करेंगे व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। ततपश्चात 12 बजे राव अजीत सिंह एवं अभिजीत राव मीडिया से प्रेसवार्ता करेंगे। हम आपको बतां दें राव अर्जुन सिंह के बाद रामपुरा हाउस की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए राव अभिजीत को कमान सौंपी जा सकती है। यह जानकारी किसान कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव कृष्ण कुमार लखेरा ने दी।

सरकार स्वामित्व योजना के माध्यम से लाल डोरा प्रॉपर्टी धारकों को दे रही जमीन का मालिकाना हक : डीसी

लाल डोरा प्रॉपर्टी धारक 31 दिसंबर तक पोर्टल पर कर सकते हैं संपत्ति डाटा सत्यापित।

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। सरकार द्वारा लाल डोरा प्रॉपर्टी धारकों को जमीन का मालिकाना हक देने के लिए चलाई जा रही स्वामित्व योजना के तहत लाल डोरा प्रॉपर्टी धारक स्वयं अपनी संपतति का डाटा सत्यापित करने और त्रुटि के निवारण हेतु 31 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वामित्व योजना हरियाणा सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत लाल डोरा प्रॉपर्टी धारकों को उनकी जमीन का मालिकाना हक दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शहरी क्षेत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना चलाई गई है। इसके तहत गांव के उन लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक दिया जा रहा है, जिनकी जमीन किसी भी सरकारी आंकड़े में दर्ज नहीं है। डीसी ने बताया कि इस कार्य के लिए सरकार ने ड्रोन के माध्यम से गांव की मैपिंग करके सभी गांव में दावे व आपततियां भी मांगी थी। इस रिकॉर्ड को आधुनिक तरीके से डिजिटलाइज भी किया जा रहा है। सरकार ने ऐसे नागरिकों को अब फिर से त्रुटि के निवारण का मौका दिया है। पोर्टल पर संपतति का डाटा स्वयं सत्यापित करने व त्रुटि के निवारण के आवेदन कर सकते हैं। अगर किसी नागरिक को लाल डोरा सथित उनके मकान का संपतति कार्ड नहीं मिला है अथवा पोर्टल पर विवरण उपलब्ध नहीं है, तो अपना नाम, मोबाइल अथवा फोन नंबर, पूर्ण पता विवरण सहित पर ईमेल कर सकता है।

डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि स्वामित्व योजना सरकार का महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इसके तहत लाल डोरा के अंदर जिन परिवारों की संपतति है, उनको प्रॉपर्टी कार्ड के माध्यम से इसका मालिकाना हक दिया गया है। इस प्रॉपर्टी कार्ड से उन्हें न केवल मालिकाना हक मिला है अपितु इसको वे बिक्री करने के साथ ही इस पर आवश्यकता पड़ने पर ऋण भी ले सकते हैं। इस कार्य के लिए सरकार ने ड्रोन के माध्यम से गांव की मैपिंग करके सभी गांवों में दावे और आपततियां भी मांगी थीं। इस रिकॉर्ड को आधुनिक तरीके से डिजिटलाइज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी लाल डोरा के अंदर आने वाले प्रॉपर्टी धारकों की समस्याओं के निवारण के लिए 31 दिसम्बर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। डीसी ने बताया कि पोर्टल पर संपतति का डाटा स्वयं सत्यापित करने व त्रुटि के निवारण के लिए property.edisha.gov.in/pgrilogin पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अगर किसी नागरिक को लाल डोरा सथित उनके मकान का संपतति कार्ड नहीं मिला है अथवा पोर्टल पर विवरण उपलब्ध नहीं है तो अपने नाम मोबाइल अथवा फोन नंबर, पूर्ण पता एवं विवरण सहित apply-for-svamitva@hry.gov.in पर ईमेल कर सकता है।

गर्भ संस्कार बेहतर राष्ट्र निर्माण में सहायक : मित्तल

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। गर्भ संस्कार जहां एक और एक स्वास्थ्य व मानसिक रूप से सशक्त शिशु जन्म में सहायक है वही माता का मनोबल बढ़कर नॉर्म प्रसव में सहायक है।

ललिता मेमोरियल टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर एवं अस्पताल की ओर से इस सिलसिले में गर्भोत्सव संस्कार एवं नूतन योग क्रियाओं का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती मोहिनी स्वर्पनिल पाटील ने स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं टेस्ट ट्यूब बेबी की विशेषज्ञ डॉक्टर सीमा मित्तल के चिकित्सकीय प्रयासों की सराहना करते हुए इन गतिविधियों को समय की आवश्यकता बताई ।उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान महिला को कराए जाने वाली हर गतिविध, आसपास के वातावरण एवं उपचार का सीधा प्रभाव उसके बच्चे पर जीवन भर देखा जा सकता है। इसलिए संस्कारित स्वस्थ शिशु की उत्पतति में गर्भोत्सव संस्कार एवं कराए जाने वाली उपयोगी योग क्रियाओं सहित दिए जाने वाले समुचित उपचार का विशेष महत्व है।

इस अवसर पर उपसथित सम्मानित अतिथि संगीता खंडूजा ने कहा कि ललिता मेमोरियल टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर एवं अस्पताल में संस्कारित स्वस्थ शिशु पैदा करने की दिशा में बेहतरीन प्रयास देखकर उन्हें हार्दिक प्रसन्नता मिली है । उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सिलसिले में भविष्य मेंऔर भी शानदार नतीजे सामने आएंगे, जिसका जनसाधारण को भरपूर लाभमिलेगा।

समारोह में अपने विचार सांझा करते हुए अस्पताल के डायरेक्टर एवं ऑर्थोपेडिशियन डॉक्टर जीडी मित्तल ने कहा कि मेडिकल साइंस से मरीजों खासकर गर्भवती महिलाओं को अच्छे से अच्छे परिणाम देना उनके अस्पताल की प्राथमिकताओं में शामिल है।

अपने संबोधन में डॉक्टर सीमा मित्तल ने उपसथित गर्भवती महिलाओं को बताया कि विगत में आयोजित गर्भोत्सव संस्कार एवं योग क्रियाओं से संस्कारित शिशु पैदा करने में भरपूर सफलता मिली है, जिससे प्रेरित होकर आगे भी उनका पूरा ध्यान नॉर्मल डिलीवरी पर केंद्रित रहेगा। इस अवसर पर लायनेस क्लब रेवाड़ी के सदस्य उपसथित रहीं। ललिता मेमोरियल टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर एवं अस्पताल की ओर से सिजेरियन डिलीवरी के बढ़ते मामलों को कम करने की दिशा में लगातार सार्थक प्रयास किया जा रहे हैं। इस सिलसिले में उक्त टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर एवं अस्पताल की ओर से गर्भोत्सव संस्कार एवं नूतन योग क्रियाओं का आयोजन किया गया।

अपने संबोधन में डॉक्टर सीमा मित्तल ने उपसथित गर्भवती महिलाओं को बताया कि विगत में आयोजित गर्भोत्सव संस्कार एवं योग क्रियाओं से संस्कारित शिशु पैदा करने में भरपूर सफलता मिली है, जिससे प्रेरित होकर आगे भी उनका पूरा ध्यान नॉर्मल डिलीवरी पर केंद्रित रहेगा। इस अवसर पर. लाइनस क्लब क्लब की प्रेसिडेंट पूजा भार्गव,तृप्ति भार्गव, रजनी भार्गव, रीता भार्गव,डॉ निर्मला यादव आदि भी उपसथित थे।

ऋषि पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेल उत्सव संपन्न

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। दिल्ली रोड़ सथित ऋषि पर्बलिक स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव संपन्न किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में खुशी राम, जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा विभाग, रेवाड़ी, विशिष्ट अथिति अमित कुमार, हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड (कब) जिला आयोजन आयुक्त तथा रंजीत सिंह एडवोकेट, विवेचना आईएएस अकेडमी के चेयरमैन मौजूद रहे। खेल समारोह के समापन समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि व स्कूल प्राचार्या के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। बच्चों ने मार्च पास्ट निकालकर राष्ट्र ध्वज व मुख्यातिथि को सलामी दी। कक्षा दसवीं की छात्राओं ने स्वागत गीत से मुख्य अतिथि व आमंत्रित अभिभावकों का स्वागत किया। बच्चों की नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

स्कूल के विभिन्न प्रशिक्षकों ने अपने खेलों के सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया। स्कूल प्राचार्या ने बताया कि ऋषि स्कूल की शुरुआत वर्ष 2003 में तीन कमरों में नौ बच्चों के साथ हुई थी और आज संस्था ने अपने गौरवमयी 20 वर्ष पूरे कर लिए है। उन्होंने बताया कि अभिभावकों के सहयोग से स्कूल न केवल शिक्षा बल्कि खेल व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी रहा है। इस दौरान स्पोर्ट्स मीट के विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेताओं तथा सत्र 2023-24 के राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में चयनित विद्यार्थियों को प्राचार्या व मुख्यातिथि द्वारा पारितोषीक देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक खेल उत्सव के दौरान स्कूल में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया जिनमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि खुशी राम ने बच्चों ने आमंत्रित अभिभावकों, बच्चों तथा स्कूल स्टाफ का का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों में हार या जीत होती है। उन्होंने कहा भगवद् गीता में लिखा है कि हार या जीत दोनो ही सथिति में समान भाव से रहना चाहिए। अभिभावकों को बच्चों पर ज्यादा दबाव डालकर उन्हें डिप्रेशन का शिकार नही बनाना चाहिए। प्रतिभागी खिलाडि़यों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' भारत को 'आत्मनिर्भर और विकसित' बनाने का महायज्ञ : लक्ष्मण सिंह यादव

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। विधायक कोसली लक्ष्मण सिंह यादव ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा' भारत को 2047 तक 'आत्मनिर्भर और विकसित' राष्ट्र बनाने का महायज्ञ है, जिसमें सभी को आहुति डालनी होगी। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' लाभार्थियों को मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन, बीपीएल व गुलाबी राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण, स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड लाभ सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ देकर 'अंत्योदय' के सपने को साकार कर रही है और 'आत्मनिर्भर और विकसित' भारत निर्माण की ओर कदम बढ़ा रही है। सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। यह सभी के सामुहिक प्रयास से ही यह संभव होगा। यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव और हर वार्ड में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वे अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने इस दौरान बहोतवास-नांगल पठानी मुख्य सडक़से रेलवे अंडरपास तक सडक़ निर्माण लागत 33.10 लाख, बहोतवास-बाबडोली सडक़ से रोशनलाल की ढाणी तक रास्ता निर्माण 6.90 लाख, महेन्द्र सिंह के मकान से हरीश बाबू के मकान तक रास्ता निर्माण 3.83 लाख,, बाबा बालेश्वर मंदिर से बालधन सीमा तक रास्ते का शिलान्यास लागत 59.13 लाख भी किया।

अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : बिक्रम सिंह यादव

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार में पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंच रहा है। इसमें परिवार पहचान पत्र सबसे सशक्त माध्यम साबित हुआ है। इससे न केवल अंत्योदय परिवारों को चिन्हित कर उन्हें विकास योजनाओं से जोड़ा गया है बल्कि उन्हें इन योजनाओं का लाभ भी समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाना भी सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' 2047 तक देश को 'आत्मनिर्भर व विकसित' राष्ट्र बनाने के स्वप्न को साकार करेगी। देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है।

जनसंवाद' के माध्यम से सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंच रही अमाजन की शिकायतें : डा. सतीश खोला

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। परिवार पहचान पत्र कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओ व कार्यक्रमों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और 'आत्मनिर्भर और विकसित' भारत के संकल्प को लेकर निकाली जा रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' से प्रतिदिन प्रदेश के हजारों लोग जुड़ रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस यात्रा को 'जनसंवाद' के साथ जोडक़र एक अनूठा रूप दिया है जिससे लोगों की शिकायतें सीधा तौर पर मुख्यमंत्री तक पहुंच रही हैं। इस यात्रा के दौरान न केवल विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है बल्कि पात्र नागरिकों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसके अलावा लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान अब तक पूरे प्रदेश में 26 लाख से अधिक लोग भाग ले चुके हैं। इस अवसर पर 85 लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच, 2 बुजुर्ग पेंशन, 4 बीपीएल कार्ड, 13 आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा अवैध कब्जे से संबंधित 3 शिकायतें मुख्यमंत्री 'जनसंवाद' पोर्टल पर अपलोड की गई।

रेवाड़ी पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत 13 साल के नाबालिग बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के हवाले किया

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए बस अडडा चौकी रेवाडी पुलिस ने बस अडडा रेवाडी पर लावारिस हालत में घूम रहे 13 साल के एक नाबालिग बच्चे के परिजनों की तलाश करके सकुशल उनके हवाले किया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। जांचकर्ता ने बताया की बस अडडा रेवाड़ी पर एक बच्चा जिसकी उम्र करीब 13 साल है जो लावारिस हालत में घूम रहा था। जिस पर बस अडडा चौकी पुलिस ने बच्चे को बरामद करके मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए बच्चे का नाम व परिजनों का पता लगाया तो बच्चे की पहचान यश कुमार पुत्र जगवीर निवासी बारडा थाना सतनाली के रूप में हुई। जो आज शुक्रवार को पुलिस द्वारा बच्चे को उसके परिजनों के हवाले किया गया। बच्चे के परिजनों ने पुलिस की टीम द्वारा किए गए सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम का धन्यवाद किया।

जमीन से आसमान तक कोहरे का कोहराम

वंदे भारत एक्सप्रेस समेत कई सुपरफास्ट ट्रेनें प्रभावित, देखें पूरी लिस्ट

सिटी 24 न्यूज

तमाम तकनीकी बदलाव के बाद भी फिलहाल रेलवे के पास कोहरे का काट नहीं है। पिछले तीन चार दिनों से लंबी दूरी की ट्रेनों पर कोहरे का इफेक्ट इतना ज्यादा हुआ है कि सुपर फास्ट ट्रेन वंदे भारत, शताब्दी, तेजस, राजधानी भी निर्धारित समय से घंटों देरी से पहुंच रही हैं। वाराणसी-दिल्ली वंदे भारत 14 घंटा 42 मिनट की देरी से पहुंची। गुरुवार को 26 ट्रेनें दिल्ली के अलग-अलग स्टेशनों पर अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची।

रेलवे की तरफ से जारी सूचना के अनुसार पूरी-नई दिल्ली 6 घंटे, कानपुर-नई दिल्ली 3 घंटे, आजमगढ़-दिल्ली जन कैफियत एक्सप्रेस साढ़े नौ घंटे, हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी ढाई घंटे, डिब्रूगढ़ राजधानी ढाई घंटे, सियालदाह राजधानी दो घंटे और जम्मू तवी-नई दिल्ली राजधानी ढाई घंटे देरी से पहुंची।

एक दिन पहले बुधवार को भी लगभग 25 ट्रेनें प्रभावित रही थीं और घंटों देरी से दिल्ली पहुंची थीं। एक्सपर्ट का कहना है कि उन ट्रेनों में ज्यादा दिक्कत हो रही हैं जिनमें पेंट्री कोच नहीं है। लोगों को खाने-पीने का सामान नहीं मिलता है। गुरुवार को 6 ट्रेनें कैंसिल की गईं। इनमें वंदे भारत भी है। 28 दिसंबर को दिल्ली से चलकर वाराणसी जाने वाली वंदे भारत को कैंसल कर दिया गया। आज वाराणसी से दिल्ली आने वाली वंदे भारत भी कैंसिल है। यही नहीं, 28 दिसंबर को वाराणसी से दिल्ली आने वाली वंदे भारत का समय में बदलाव किया गया। जो ट्रेन सुबह 6 बजे खुलती है उसे 15 घंटा 30 मिनट की देरी से 21 बजकर 30 मिनट पर खोला गया, जो 14 घंटा 42 मिनट की देरी से दिल्ली पहुंची। यह ट्रेन 27 दिसंबर को भी दिल्ली लेट पहुंची थी।

एयर ट्रैफिक पर भी असर

इसी प्रकार लखनऊ-नई दिल्ली स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस और नई दिल्ली-लखनऊ स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस को आज कैंसल कर दिया गया है। इसके अलावा लखनऊ से नई दिल्ली और नई दिल्ली से लखनऊ जाने वाली तेजस ट्रेन भी 28 दिसंबर को कैंसल रही। जिस प्रकार मौसम की भविष्यवाणी की गई है, उसके अनुसार अगले कुछ दिनों तक इसका प्रभाव जारी रह सकता है। दिल्ली में कोहरे का असर आईजीआई एयरपोर्ट पर ही पड़ रहा है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक कैट-3 की ट्रेनिंग के अभाव में पिछले 54 घंटे के अंदर 58 फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा। इनमें से 50 फ्लाइट्स के कैप्टन को कोहरे में फ्लाइट लैंड कराने की ट्रेनिंग ही नहीं दी गई है। डायवर्ट होने वालीं सबसे अधिक फ्लाइट्स इंडिगो एयरलाइंस की हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर स्पाइसजेट और एयर इंडिया की हैं। अन्य एयरलाइंस की भी यही हालत है।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक 25 दिसंबर की रात 12:00 बजे से लेकर 28 दिसंबर की सुबह 6:00 बजे तक कुल 58 फ्लाइट्स डायवर्ट हुईं। इनमें इंडिगो की 13, स्पाइसजेट की 10, एयर इंडिया की 10, विस्तारा की 5, अकासा की 3 और अन्य एयरलाइंस की फ्लाइट्स रहीं। सूत्रों के मुताबिक कोहरे में विमान को नहीं उतार पाने की ट्रेनिंग नहीं होने की वजह से फ्लाइट्स के कैप्टन दिल्ली एयरपोर्ट की बजाय जयपुर, अहमदाबाद, चंडीगढ़, लखनऊ समेत अन्य एयरपोर्ट पर विमान उतारते हैं। चंद घंटे का सफर तय करने में लोगों को कई घंटे में विमान या होटल में ठहरकर गुजराना पड़ रहा है। ऐसे में यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है।

देरी से चल रही हैं ये ट्रेन

इस बीच रेलवे ने देरी से चल रही ट्रेनों की एक लिस्ट जारी की है। इसके मुताबिक मुंबई-अमृतसर एक्सप्रेस 5.11 घंटे की देरी से चल रही है। इसी तरह फरक्का एक्सप्रेस 2.36 घंटे, हिमाचल एक्सप्रेस 2.27 घंटे, ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस 3.28 घंटे और उधमपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एसी एसएफ एक्सप्रेस 3.28 घंटे की देरी से चल रही है। लखनऊ मेल 1.22 घंटे, दानापुर-आनंद विहार टर्मिनल जन साधारण एक्सप्रेस 1.42 घंटे, रक्सौल-आनंद विहार सद्भावना एक्सप्रेस 1.07 घंटे, जम्मू मेल 1.15 घंटे, पद्मावत एक्सप्रेस 1.41 एक्सप्रेस और काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 1.35 घंटे की देरी से चल रही हैं।

पहले ही दिन छप्परफाड़ कमाई! 35 रुपये का शेयर 98.15 रुपये पर हुआ लिस्ट

सिटी 24 न्यूज

ट्राइडेंट टेकलैब्स के निवेशकों की आज चांदी हो गई। कंपनी का शेयर एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर 180.4 परसेंट प्रीमियम के साथ 98.15 रुपये प्रति शेयर पर लिस्ट हुआ। इसका प्राइस बैंड 33-35 रुपये था। लिस्टिंग से पहले कंपनी का शेयर अनलिस्टेड मार्केट में 43 रुपये के प्रीमियम के साथ ट्रेड कर रहा था। ट्राइडेंट टेकलैब्स का 16 करोड़ रुपये का आईपीओ करीब 700 गुना सब्सक्राइब हुआ था। रिटेल कैटगरी में यह 1000 गुना से अधिक सब्सक्राइब हुआ था जबकि एनआईआई पोर्शन में इसे 854 गुना बोलियां मिलीं। क्यूआईबी में इसे सबसे कम 100 गुना बोलियां मिली थीं।

कंपनी का आईपीओ 21 दिसंबर को खुला था और 26 दिसंबर को बंद हुआ था। इस दौरान कंपनी ने 45.8 लाख नए शेयर बिक्री के लिए रखे थे। यह कंपनी एयरोस्पेस, डिफेंस, ऑटोमोटिव, टेलिकॉम, मेडिकल, सेमीकंडक्टर और पावर डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर की कंपनियों को कस्टम बिल्ट टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस ऑफर करती है। इसके दो बिजनस वर्टिकल इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस और पावर सिस्टम सॉल्यूशंस है। अक्टूबर 2023 के दौरान कंपनी का रेवेन्यू 21 करोड़ रुपये और नेट प्रॉफिट 2.66 करोड़ रुपये रहा। फाइनेंशियल ईयर 2023 में कंपनी का रेवेन्यू 67 करोड़ रुपये और प्रॉफिट 5.54 करोड़ रुपये रहा।

बाजार में गिरावट

इस बीच घरेलू बाजारों में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स 236.56 अंक गिरकर 72,173.82 अंक पर आ गया। निफ्टी 74.8 अंक फिसलकर 21,703.90 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और एनटीपीसी के शेयर नुकसान में रहे। वहीं टाटा मोटर्स, मारुति, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व और आईटीसी के शेयरों को लाभ हुआ।

दुनिया में पहली बार किसी महिला के खाते में आए 100 अरब डॉलर, मुकेश अंबानी छूट गए पीछे

सिटी 24 न्यूज

दुनिया की सबसे अमीर महिला फ्रांस की फ्रांसुआ बेटनकॉट मायज ने एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। उनकी नेटवर्थ 100 अरब डॉलर पहुंच गई है। मायज यह उपलब्धि हासिल करने वाली दुनिया की पहली महिला हैं। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में मुकेश अंबानी से एक स्थान ऊपर 12वें नंबर पर हैं। मायज दुनिया की सबसे बड़ी कॉस्मेटिक कंपनी लोरियाल की होलडिंग कंपनी Tethys की चेयरपर्सन और लोरियाल ग्रुप के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की वाइस चेयरपर्सन हैं। पिछले साल लोरियाल की सेल 42 अरब डॉलर रही। इस साल लोरियाल के शेयर 34 परसेंट तेजी के साथ रेकॉर्ड हाई पर पहुंचे हैं।

लोरियाल में मायज और उनके परिवार की 34 परसेंट से अधिक हिस्सेदारी है। मायज दुनिया की सबसे अमीर महिला होने के साथ-साथ फिलेंथ्रॉपिस्ट और लेखक भी हैं। उन्हें दुनिया का सबसे मशहूर और सबसे बड़ा कॉस्मेटिक्स ब्रांड LÓOreal विरासत में मिला है। LÓOreal के पास Lancome और Garnier जैसे कई जाने-माने ब्रांड्स हैं। पिछले साल यानी 2022 में कंपनी का रेवेन्यू 41.9 अरब डॉलर रहा था। Bloomberg Billionaires Index के मुताबिक 70 साल की मायज की नेटवर्थ 100 अरब डॉलर है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 12वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 28.6 अरब डॉलर की तेजी आई है। मायज कई बार दुनिया के अमीरों की लिस्ट में टॉप 10 में रह चुकी हैं लेकिन पहली बार उनकी नेटवर्थ 100 अरब डॉलर पहुंची है।

मायज को यह रईसी अपनी मां Liliane Bettencourt से विरासत में मिली है। Liliane Bettencourt के पिता Eugene Schueller ने ही LÓOreal ब्रांड की शुरुआत की थी। मायज साल 1997 से LÓOreal के बोर्ड में हैं। सितंबर 2017 में अपनी मां की मौत के बाद उन्होंने अरबपतियों की सूची में कदम रखा था। आज वह दुनिया की सबसे अमीर महिला हैं। इससे पहले यह खिताब कई सालों तक उनकी मां को पास था। मायज फ्रांस की दूसरी सबसे अमीर शख्स हैं। फ्रांस से सबसे अमीर शख्स का खिताब बर्नार्ड आरनॉल्ट के पास है। वह दुनिया लग्जरी सामान बनाने वाली कंपनी LVMH के चेयरमैन हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 179 अरब डॉलर है और वह दुनिया के दूसरे सबसे बड़े रईस हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 16.9 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

इकॉनमी को नहीं आने देंगे कोई आंच, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया पूरा प्लान

सिटी 24 न्यूज

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि सेंट्रल बैंक देश की अर्थव्यवस्था के सामने आने वाले किसी भी रिस्क से निपटने के लिए तत्काल और निर्णायक कार्रवाई करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत ग्रोथ की बढ़ती संभावनाओं के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। RBI गवर्नर ने कहा कि रिटेल कर्ज के कुछ सेगमेंट के प्रति बैंकों के 'उत्साह' को रोकने के लिए सेंट्रल बैंक ने हाल में कदम उठाए हैं। दास ने कहा कि ग्लोबल इकॉनमी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। इनके बीच भारत की अर्थव्यवस्था एक मजबूत फाइनैंशल सिस्टम के साथ मेक्रो-इकॉनमिक मोर्चे पर मजबूती दिखा रही है। उन्होंने कहा, 'हम किसी भी रिस्क को बढ़ने से रोकने के लिए तत्काल और निर्णायक कार्रवाई करने को लेकर सतर्क और प्रतिबद्ध हैं।'

RBI गवर्नर ने यह भी कहा कि खुदरा कर्ज के कुछ खंडों के प्रति बैंकों के 'उत्साह' को रोकने के लिए केंद्रीय बैंक ने हाल में कदम उठाए है। यह अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों के लिए कोष की उपलब्धता से समझौता किए बिना वित्तीय स्थिरता बनाए रखने की उसकी प्रतिबद्धता को बताता है। उन्होंने कहा, 'भारत ग्रोथ की बढ़ती संभावनाओं के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। वृद्धि में तेज उछाल, मजबूत आर्थिक बुनियाद, मजबूत घरेलू मांग और सार्वजनिक नीतियों के स्तर पर सूझबूझ का नतीजा है।'

एनपीए

RBI की फाइनेंशियल स्टैबिलिटी रिपोर्ट (FSR) 2022-23 में कहा गया है कि बैंकों की नॉन परफॉर्मिंग असेट (NPA) रेशयो सितंबर, 2023 में घटकर कई साल के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत और शुद्ध NPA अनुपात 0.8 प्रतिशत पर रहा है। इस अवधि में बैंकों का ग्रॉस नॉन परफॉर्मेंस असेट (GNPA) रेशयो भी घटकर कई साल के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत पर आ गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के मुताबिक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की स्थिति मजबूत हुई है, ग्रॉस NPA सितंबर 2023 तक 4.6 प्रतिशत और संपतति पर रिटर्न 2.9 प्रतिशत रहा है।

शेयर बाजार में आज इमाम सहित ये शेयर मचा सकते हैं धमाल, जोरदार कमाई के लिए लगा सकते हैं दांव

सिटी 24 न्यूज

शेयर बाजार में कल यानी गुरुवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही थी। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 372 अंक चढ़कर दूसरे दिन भी नए शिखर पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल के दाम में गिरावट और विदेशी निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच ऊर्जा, धातु और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी बनी हुई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 371.95 अंक यानी 0.52 प्रतिशत उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 72,410.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 445.91 अंक तक उछल गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 123.95 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 21,778.70 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 146.7 अंक तक चढ़ गया था। यह शेयर बाजारों में तेजी का लगातार पांचवां सत्र रहा। इन पांच सत्रों में सेंसेक्स 1,904.07 अंक यानी 2.70 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि निफ्टी में 628.55 अंक यानी 2.97 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई थी।

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 2.81 प्रतिशत की बढ़त रही। एनटीपीसी, पावर ग्रिड, नेस्ले, टाटा मोटर्स, आईटीसी, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं थीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और एशियन पेंट्स शामिल थे। आइए जानते हैं कि आज कौन-से शेयर ट्रेंड में रह सकते हैं।

इन शेयरों में दिख रही तेजी

मोमेंटम इंडिकेटर मूविंग एवरेज कन्वर्जेंस डिवर्जेंस (MACD) ने Emami, Lupin, MRF, Hero MotoCorp, GSK Pharma और Macrotech Developers पर तेजी का रुख दिखाया है। एमएसीडी को ट्रेडेड सिक्योरिटीज या इंडेक्स में ट्रेंड रिवर्सल के संकेत के लिए जाना जाता है। जब एमएसीडी सिग्नल लाइन को पार करता है, तो यह एक तेजी का संकेत देता है। यह दर्शाता है कि शेयर की कीमत में ऊपर की ओर गति देखी जा सकती है। इसी तरह यह मंदी का भी संकेत देता है।

इन स्टॉक्स में मंदी के संकेत

एमएसीडी (MACD) ने Indian Oil Corporation, GMR Airports Infrastructure, Quess Corp, Linde India, Central Bank और UTI AMC के शेयर में मंदी का संकेत दिया है। इसका मतलब है कि अब इन शेयरों में गिरावट शुरू हो गई है।

आरबीआई का डर या ईडी का डंडा... विदेशी खातों में जमा पैसा वापस ला रहे भारतीय, आखिर क्या माजरा है

सिटी 24 न्यूज

भारत की इकॉनमी तेजी से बढ़ रही है लेकिन इंटरनेशनल बैंकों ने भारतीय अमीरों को भाव देना बंद कर दिया है। वे भारतीय ग्राहकों से अपने अकाउंट्स बंद करने की रिक्वेस्ट कर रहे हैं। इसकी वजह यह है कि इनमें से कई बैंकों ने विदेशी ग्राहकों के लिए मिनिमम बैलेंस की राशि बढ़ा दी है। साथ ही आरबीआई ने भी विदेश में इनएक्टिव फंड्स रखने पर नकेल कसी है। इन कारणों से इंटरनेशनल बैंक भारतीयों के बैंक अकाउंट्स बंद कर रहे हैं। पिछले दो महीने में ब्रिटेन के दो बड़े बैंकों, स्विट्जरलैंड के एक बैंक तथा यूएई के एक बड़े फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट ने दो दर्जन से अधिक भारतीयों के खाते बंद कर दिए हैं।

सर्विस प्रोवाइडर्स और टैक्स प्रेक्टीशनर्स ने यह जानकारी दी है। इन लोगों ने आरबीआई की लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (LRS) के तहत विदेशों में फंड ट्रांसफर करके खाते खोले थे। इस स्कीम के तहत सालभर में 250,000 डॉलर तक विदेशों में निवेश किए जा सकते हैं। कुछ बड़े विदेशी बैंकों ने मिनिमम बैलेंस 10 लाख डॉलर कर दिया है। लेकिन एलआरएस की सीमा के कारण भारतीय ज्यादा पैसा विदेश नहीं भेज पा रहे हैं। इस कारण विदेशी बैंक उनके अकाउंट्स बंद कर रहे हैं। हाल में यूएई के एक बैंक ने कई भारतीयों के अकाउंट बंद किए हैं और उन्हें बाकी रकम का ड्राफ्ट दिया गया है। ग्राहकों से पूछा जा रहा है कि अगर उनका विदेशों में कई और खाता है तो उसमें पैसा ट्रांसफर किया जा सकता है।

क्यों बंद कर रहे हैं खाते

सीए फर्म जयंतीलाल ठक्कर एंड कंपनी का कहना है कि विदेशी बैंकों की फीस के रूप में इनकम कम हुई है। इससे उन भारतीयों की मुश्किल बढ़ गई है जिनका विदेशों में अकाउंट है। जिन लोगों को इस बारे में ईमेल मिल रहे हैं, उन्हें तत्काल फंड भेजना चाहिए। एसबीआई के नियमों के मुताबिक विदेशी अकाउंट्स में यूं ही पड़े फंड को 180 दिन में निवेश करना या वापस लाना जरूरी है। सिंगापुर के एक बैंक ने हाल में भारतीय ग्राहकों को इस तरह के फंड का निवेश करने को कहा है।

लॉ फर्म खेतान एंड कंपनी में पार्टनर मोइन लाढ़ा ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा बैंक यह साफ कर रहे हैं कि वे ऐसे अकाउंट को मेनटेन नहीं करना चाहते हैं जिनमें बैलेंस कम है। कुछ मामलों में बैलेंस को इन्वेस्ट करना भी मुश्किल है क्योंकि निवेश की न्यूनतम सीमा भी बहुत अधिक है। एलआरएस के नए नियमों के मुताबिक अनलिस्टेड डेट सिक्योरिटीज में निवेश की अनुमति नहीं है। ऐसे में कई लोग कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं और विदेशी खातों में यूं ही पड़ी रकम को वापस ला रहे हैं। उन्हें डर है कि आरबीआई इस पर पेनल्टी लगा सकता है। साथ ही ईडी के नोटिस का भी डर सता रहा है।

दमानी के केवल एक शेयर ने दिया मल्टीबैगर रिटर्न, इस साल कैसा रहा पोर्टफोलियो का हाल

सिटी 24 न्यूज

दिवंगत इन्वेस्टर राकेश झुनझुनवाला के गुरु माने जाने वाले राधाकिशन दमानी के पोर्टफोलियो में शामिल केवल एक स्टॉक ने इस साल मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। यह स्टॉक है टाटा ग्रुप की रिटेल कंपनी ट्रेंट का है। इस कंपनी में दमानी की 1.5 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी है। ट्रेंट के शेयरों ने इस साल 123 फीसदी रिटर्न दिया है। हाल में इस कंपनी का मार्केट कैप एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है। इस स्टॉक को कवर करने वाले 18 ब्रोकरेज में से 12 ने इसे खरीदने की सलाह दी है। ट्रेंट 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा मार्केट कैप वाला एकमात्र शेयर है जिसने पिछले 10 साल में कम से कम पांच परसेंट रिटर्न दिया है। इस साल अडानी के पोर्टफोलियो में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला शेयर 3एम इंडिया रहा। इस टेक्नोलॉजी और साइंस कंपनी के शेयरों में इस साल 66 परसेंट तेजी आई है। दमानी की इस कंपनी में एक फीसदी हिस्सेदारी है। इसी तरह बीएफ यूटिलिटीज एंड सुंदरम फाइनेंस के शेयरों में 56 परसेंट और आडवानी होटल्स एंड रिजॉर्ट्स में 24 फीसदी तेजी आई है। इसमें दमानी की चार फीसदी हिस्सेदारी है। इसके अलावा दमानी की अपटेक, द इंडिया सीमेंट्स, वीएसटी इंडस्ट्रीज, सुंदरम फाइनेंस और यूनाइटेड ब्रेवरीज में भी हिस्सेदारी है।



किन शेयरों ने दिया निगेटिव रिटर्न

इस साल दमानी के पोर्टफोलियो में शामिल केवल दो शेयरों ने निगेटिव रिटर्न दिया है। इनमें ब्लू डार्ट एक्सप्रेस और मंगलम ऑर्गेनिक्स शामिल हैं। ब्लू डार्ट में इस साल छह फीसदी और मंगलम ऑर्गेनिक्स में 27 परसेंट गिरावट आई है। दमानी की डीमार्ट का संचालन करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स में 67.2 फीसदी हिस्सेदारी है। इसमें इस साल एक फीसदी गिरावट आई है। शुक्रवार को कंपनी का शेयर 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ 4040 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसका 52 हफ्ते का टॉप 4,205.00 रुपये और लो 3,292.65 रुपये है।

भारत 2047 तक 'आत्मनिर्भर और विकसित' देशों की सूची में होगा शामिल : जिला प्रमुख

मुख्य अतिथि जान मोहम्मद ने कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों संग लिया 'आत्मनिर्भर और विकसित' भारत का संकल्प।

केन्द्र व सरकार की योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिलने से खुश नजर आ रहे लाभार्थी।

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद ने कहा कि आजादी के 100वें वर्ष यानी वर्ष 2047 में 'आत्मनिर्भर और विकसित' देशों की सूची में शामिल होगा, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'गारंटी' है। जिला प्रमुख जान मोहम्मद शुक्रवार को तावडू खंड के गांव रिहाडी में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का गर्मजोशी से स्वागत करने उपरांत उपस्थित लोगों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' भारत को 2047 तक 'आत्मनिर्भर और विकसित' राष्ट्र बनाने की मुहिम है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' देश के करोड़ों लोगों को सरकार की 'अंत्योदय' व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर लाभार्थियों को सरकार की 9 साल की उपलब्धियों पर आधारित कैलेंडर व ब्रॉशर का वितरण भी किया गया। लोगों ने ड्रोन के जरिए खेतों में यूरिया और डीएपी का छिड़काव करने की मॉक ड्रिल भी देखी।

'अंत्योदय' परिवारों को समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रही सरकार : पवन चौधरी

सीएम एडवाइजर पवन चौधरी ने कहा कि 'आत्मनिर्भर एवं विकसित' भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब गरीब और वंचित भी विकास की मुख्यधारा में शामिल होंगे। देश की मोदी और प्रदेश की मनोहर सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि, उज्ज्वला योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से देश-प्रदेश के 'अंत्योदय' परिवारों को समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का एक उद्देश्य यह भी है कि केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का पात्र वंचित लोग लाभ उठा सकें। यात्रा का उद्देश्य मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीबों के घर तक पहुंचाना है। उन्होंने 2047 में देश को विकसित राष्ट्रों की सूची में शामिल करने के लिए किए जा रहे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास को पूर्ण करने में सभी लोगों के सहयोग की अपील की और लोगों को संकल्प भी दिलाया।

अब सरकारी योजनाओं का लाभ लेना हुआ आसान

एसडीएम संजीव कुमार ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान गांवों में किसानों व ग्रामीणों ने देखा कि कैसे ड्रोन का उपयोग कृषि कार्य में किया जा सकता है। ड्रोन द्वारा दस लीटर के टैंक से चंद मिनटों में एक एकड़ की फसल में दवाई का छिडक़ाव किया जा सकता है। ड्रोन का फायदा यह भी है कि किसानों को फसल के बीच जाने की आवश्यकता नहीं है और दवाई का फसल के पत्तों पर सही ढंग से छिडक़ाव हो सकता है, साथ ही पानी और समय की भी बचत होती है। इस दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे लाभार्थियों ने योजनाओं की खासियत बताई। उन्होंने अपनी कहानी बताते हुए नागरिकों को समझाया कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब किसी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं बल्कि अधिकतर योजनाएं व सेवाएं अब सरल हरियाणा पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध है। नागरिक अपने खुद के मोबाइल या कंप्यूटर अथवा किसी भी नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर योजनाओं के लिए आवेदन कर सकता है। योजनाओं का लाभ लेना अब बहुत ही आसान हो गया है।

भारत को 2047 तक 'आत्मनिर्भर एवं विकसित' राष्ट्र बनाने की ली प्रतिज्ञा

उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर भारत को 2047 तक 'आत्मनिर्भर एवं विकसित' राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए प्रतिज्ञा ली कि' भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे'।

आगामी 6 जनवरी को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का सद्भावना समारोह: जाहिद हुसैन चैयरमेन

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। राव इंद्रजीत सिंह के प्राइवेट सेक्रेटरी बलजीत मलिक आगामी 6 जनवरी को नूँह के नगीना में होने वाले सद्भावना कार्यक्रम को लेकर नूह सर्किट हाउस में कार्यकर्ता मीटिंग लेने पहुंचे। बलजीत मलिक ने कहा कि कार्यकर्ताओं और लोगों में राव इंद्रजीत सिंह के इस कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह है। राव इंद्रजीत सिंह ने जिले के लिए अपने कार्यकाल में सराहना कार्य किए हैं जिनको लेकर लोग तारीफ कर रहे हैं। राव साहब ने जिले के लिए अनेकों सौगाते दी बिना भेदभाव के कार्य किया। राव साहब का यह कार्यक्रम ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा ।वरिष्ठ भाजपा नेता जाहिद हुसैन ने कहा कि आगामी 6 जनवरी को नूँह के नगीना मे सद्भावना समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह होंगे यह कार्यक्रम बहुत ऐतिहासिक और विशाल होने जा रहा है। आज इसी की तैयारी का जायजा लेने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के प्राइवेट सचिव बलजीत मलिक जी नगीना पहुंचे और आगामी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जायाजा लिया और रूपरेखा तैयार की। इस मौके पर अर्जुन देव चावला, आलम उर्फ मुंडल, कर्म इलाही, फजहरुद्दीन बेसर, ताहिरा, अजमत, राहुल जैन, सना प्रधान, मुनेश फौजी ,लतीफ जिला पार्षद, श्रीपाल शर्मा उपाध्यक्ष, वीरपाल कालियाकी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नूंह विधायक आफताब अहमद ने जिला परिषद की रिव्यू बैठक ली

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा 5 करोड रुपए की विकास कार्यों की ग्रांट दी थी

अधिकारियों की लापरवाही से नहीं हुई अभी तक विकास कार्य

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। विधायक आफताब अहमद जिला परिषद के कार्यालय पहुंचे। विधायक आफताब अहमद ने जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी प्रदीप अहलावत के साथ जिला परिषद के विकास कार्य की रिव्यू बैठक की जिसमें उन्होंने विधायक के विकास कार्य की जानकारी ली। विधायक आफताब ने कहा कि विधायक के नाते विकास कार्य पंचायत डिपार्मेंट से संबंधित या अन्य विभागों से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा 5 करोड़ की ग्रांट विधायक को विकास कार्य के लिए दी थी। मुख्यमंत्री के द्वारा दी गई 5 करोड़ की ग्रांट के कार्य आज तक भी पूरे नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रांट को दिए 3 साल से अधिक का समय हो गया है लेकिन अभी तक विकास कार्य पूरे नहीं किए गए हैं। ग्रांट के मुद्दे को अधिकारियों से लेकर विधानसभा तक उठ चुके हैं। आफताब अहमद ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी पैसे देने से ही पूरी नहीं हो जाती लोगों के जो विकास कार्य हैं उन्हें पूरे करना चाहिए। आज इसी को लेकर जिला परिषद के अधिकारियों के साथ रिव्यू बैठक की है। वही विधायक ने कहा कि विधायक आदर्श नगर योजना के तहत जो विकास कार्य होने थे अभी तक वह कार्य शुरू नहीं हो पाए हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि डी प्लान के द्वारा जो विकास कार्य की योजनाएं बनाई गई थी वह भी अभी अधूरी पड़ी है। आज इन्हीं सब बातों को लेकर जिला परिषद के अधिकारियों से बातचीत की गई है और कितने समय के अंदर यह सभी कार्य पूरे हो जाएंगे उनकी भी जानकारी ली है।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों की लेक्चरर व्यवस्था के वजह से विकास कार्य पूरे नहीं हो पा रहे हैं। सरकार को चाहिए कि जितने भी विकास कार्य हैं वह जल्द से जल्द पूरे किए जाएं ताकि लोगों को सरकार के द्वारा बनाई गई योजनाओं का लाभ मिल सके। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि सरकार विधायकों को ग्रांट देती है उन सभी ग्रांट का समय पर कार्य किए जाएं ताकि लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

नूंह में जिले भर के सरकारी अस्पताल के डॉक्टर गए हड़ताल पर

हड़ताल के चलते गरीब मरीजों को हुई काफी परेशानी

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। मेवात जिले में सरकारी डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर आज हड़ताल पर रहे। इतना ही नहीं सरकारी अस्पतालो में हड़ताल के चलते ओपीडी बंद रही। नूंह जिले के डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर जिले के डाक्टर सहित प्रदेश के सभी डॉक्टर हड़ताल पर हैं। जिसके चलते डाक्टरों ने पूरी तरह ओपीडी और इमरजेंसी बंद करने का निर्णय लिया गया है। मेवात के सिविल सर्जन डॉ राजीव बातिश ने बताया कि डॉक्टरों की हड़ताल को लेकर उन्होंने पहले ही सरकारी अस्पतालों में मरीजों की देखरेख सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं को लेकर डॉक्टर का इंतजाम किया हुआ है। सीएमओ ने कहा कि एनएचएम और नल्हड़ मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर से उन्होंने अनुरोध कर ऐसे डॉक्टर और स्टाफ का आज के लिए इंतजाम किया गया है जो मरीजों की देख भाल कर सके। इतना ही नहीं उन्होंने एक्सीडेंटल मरीज और पोस्टमार्टम करने के लिए मेडिकल कॉलेज में इंतजाम किए हुए हैं। सीएमओ ने कहा डॉक्टरों की मांग जायज है लेकिन मांगों को मंगवाने के लिए हड़ताल पर जाना सही नहीं है।

इन मांगों को लेकर डॉक्टर गए हड़ताल पर :

डॉक्टर के लिए एक विशेषज्ञ कैडर का गठन। एसएमओ सीधी भर्ती पर रोक लगाई जाए। पीजी के लिए बॉंड राशि एक करोड़ से घटाकर 50 लाख किया जाए। एसीपी जल्द से जल्द लागू किया जाए

शुक्रवार को सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने से मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान सरकारी अस्पताल में आए मरीजों ने बताया कि उन्हें डॉक्टरों की हड़ताल के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी। अगर उन्हें हड़ताल के बारे में पहले जानकारी मिलती तो वे सरकारी अस्पताल में नहीं आते। इतना ही नहीं इस दौरान सरकारी अस्पताल में मरीज इधर से उधर भटकते नज़र आए।

डेढ़ साल की बच्ची की बाल्टी में डूबने से हुई दर्दनाक मौत

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। फरीदाबाद के गांव अनखीर स्थित श्याम नगर कॉलोनी में डेढ़ साल की मासूम बच्ची की पानी से भरी बाल्टी में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के लिए बता दें की हादसे के समय बच्ची की 6 साल की बड़ी बहन घर पर थी और मां शौच के लिए बाहर गई हुई थी ।फिलहाल बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए रखवा कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

तस्वीरें फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल की है जहां बच्ची को घटना के बाद इलाज के लिए लाया गया था लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें की बृहस्पतिवार की शाम को श्याम कॉलोनी में डेढ़ साल की मासूम बच्ची अपनी लगभग 6 साल की अपनी बड़ी बहन के साथ घर पर अकेली थी उनकी मां संजना शौच के लिए घर से बाहर गई हुई थी घर पर परिवार कोई भी सदस्य नहीं था। बच्ची की नानी सरस्वती ने बताया की उनकी मां संजना अपनी बेटी छोटी बेटी किरण को अपनी बेटी के सहारे पर छोड़ कर गई थी लेकिन बड़ी बेटी का ध्यान भटक गया और उनकी छोटी बेटी किरण खेलती खेलती बाथरूम की तरफ चली गई जहां पर पानी से भरी बाल्टी में उनकी बेटी डूब गई जब वह वापस आई तब उसने अपनी डेढ़ साल की बच्ची किरण को पानी की बाल्टी में डूबा हुआ पाया जिसके बाद उसने अपने भाई योगेश और उन्हें इसकी जानकारी दी । जिसके बाद वह लोग बच्ची को लेकर एक पास के डॉक्टर के पास गए लेकिन डॉक्टर ने उन्हें बच्ची को बीके अस्पताल में ले जाकर दिखाने के लिए कहा लेकिन जब वह बादशाह खान सिविल अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है । पुलिस का कहना है की बच्ची के परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कारवाही की जाएगी। वहीं बच्ची की नानी ने बताया की उनकी बेटी संजना जो अपने पति और बच्चों के साथ सोनीपत में रह रही थी जो अपनी दोनों बेटियों को लेकर पिछले लगभग दो महीने से उनके घर पर आई हुई थी और आज यह दर्दनाक हादसा हो गया।

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में होगा सम्बो चैम्पियनशिप का आयोजन

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी को करवाना होगा पंजीकरण

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में रविवार 31 दिसम्बर को चैदहवीं जिला स्तरीय सम्बो चैम्पयशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला महेन्द्रगढ़ सम्बो संगठन द्वारा आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता के लिए इच्छुक प्रतिभागी को पंजीकरण करवाना अति आवश्यक है जो 31 दिसम्बर को सुबह 9.30 तक विद्यालय में करवाया जा सकता है। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि प्रतियोगतिा में लड़कियां 14 से 16 आयुवर्ग व भारवर्ग 41 किलो ग्राम, 44 किलो ग्राम, 47 किलो ग्राम, 50 किलो ग्राम, 54 किलो ग्राम, 65 किलो ग्राम, 72 किलो ग्राम, 72 किलो ग्राम। यूथ-अंडर 16 से 18 वर्ष भारवर्ग 47 किलो ग्राम, 50 किलो ग्राम, 54 किलो ग्राम, 59 किलो ग्राम, 65 किलो ग्राम, 72 किलो ग्राम, 80 किलो ग्राम, 80 किलो ग्राम। जूनियर-अंडर 20 वर्ष भारवर्ग 50 किलो ग्राम, 54 किलो ग्राम, 59 किलो ग्राम, 65 किलो ग्राम, 72 किलो ग्राम, 80 किलो ग्राम, 80 किलो ग्राम। जूनियर-अंडर 23 वर्ष भारवर्ग 50 किलो ग्राम, 54 किलो ग्राम, 59 किलो ग्राम, 65 किलो ग्राम, 72 किलो ग्राम, 80 किलो ग्राम, 80 किलो ग्राम। सीनियर-अंडर 23 वर्ष से अधिक भारवर्ग 50 किलो ग्राम, 54 किलो ग्राम, 59 किलो ग्राम, 65 किलो ग्राम, 72 किलो ग्राम, 80 किलो ग्राम, 80 किलो ग्राम। बालक-अंडर 14 से 16 वर्ष भारवर्ग 45 किलो ग्राम, 49 किलो ग्राम, 53 किलो ग्राम, 58 किलो ग्राम, 64 किलो ग्राम, 71 किलो ग्राम, 79 किलो ग्राम, 88 किलो ग्राम 88 किलो ग्राम। यूथ-अंडर 16 से 18 वर्ष भारवर्ग 53 किलो ग्राम, 58 किलो ग्राम, 64 किलो ग्राम, 71 किलो ग्राम, 79 किलो ग्राम, 88 किलो ग्राम, 98 किलो ग्राम 98 किलो ग्राम। जूनियर-अंडर 20 वर्ष भारवर्ग 58 किलो ग्राम, 64 किलो ग्राम, 71 किलो ग्राम, 79 किलो ग्राम, 88 किलो ग्राम, 98 किलो ग्राम, 98 किलो ग्राम। जूनियर-अंडर 23 वर्ष भारवर्ग 58 किलो ग्राम, 64 किलो ग्राम, 71 किलो ग्राम, 79 किलो ग्राम, 88 किलो ग्राम, 98 किलो ग्राम, 98 किलो ग्राम। सीनियर-अंडर 23 वर्ष से अधिक भारवर्ग 58 किलो ग्राम, 64 किलो ग्राम, 71 किलो ग्राम, 79 किलो ग्राम, 88 किलो ग्राम, 98 किलो ग्राम, 98 किलो ग्राम। इस प्रतियोगिता के लिए सभी टीमों व प्रतिभागियों को निर्धारित स्थल पर प्रातः 9:30 बजे आधार कार्ड, जन्मप्रमाण पत्र, एक फोटो दस्तावेजों के साथ पहुंचना होगा।

कछुआ गति से हो रहे सड़क निर्माण से पैदा जाम की समस्या

कनीना मंडी गेट से सदर थाने तक वन-वे सडक से बिगड़ रहे हालात

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना मंडी में निमार्णाधीन सडक़ के कारण रास्ता वनवे हो गया है। धीमि गति से चल रहे सडक़निर्माण के कारण आने-जाने वाले वाहनों क अधिकता से जाम लगा रहता है। जिससे स्थानीय नागरिक व राहगीर भी परेशान हैं।

सडक़ जाम होने के कारण स्कूल बसों सहित अन्य वाहन लंबे समय तक जाम में फंसे रहते है। लिहाजा स्कूल बसों से उतर कर विद्यार्थी पैदल घर जाने को मजबूर हैं। शुक्रवार को ककराला मोड़ से पीएनबी बैंक तक लगे जाम के कारण विद्यार्थी तथा वाहन जाम में फंसे रहे। परेशान होकर नागरिकों ने पुलिस के ईआरवी वाहन को सूचना दी। जिस पर पुलिस मौके पर पंहुची ओर मशक्कत करते हुए जाम खुलवाया। वहां से जाम खुलने के बाद सदर थाने के समीप जाम के हालात उत्पन्न हो गये। नागरिकों ने उपमंडल प्रशासन से सडक़ निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा जाम की समस्या को देखते हुए पुलिस कर्मचारियों को लेगाने की मांग की है। शहर थाना प्रभारी कमलदीप राणा ने कहा कि सडक़ निर्माण कार्य चलने तक स्कूल की छुट्टी के समय गुजरने वाले वाहनों के सुचारू यातयात के लिए पुलिस कर्मचारी लगाए जायेगें। जाम की समस्या नहीं रहने दी जाएगी।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोडने की मांग को लेकर सेहलंग-बागोत में ग्रामीणों का धरना जारी

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 292वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता रणधीर पहलवान बागोत ने की। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि धुंध-कोहरे एवं कडाके की ठंड के बीच ग्रामीण धरना देने वाले बुजुर्ग बिमारी से ग्रस्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को अनदेखा कर रही है। जबकि केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की ओर से मंच के माध्यम से यहां पर कट देने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह, हंसकुमार, नरेंद्र शास्त्री छितरोली, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशी राम, सूबेदार सुखबीर सिंह, सूबे सिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज,वीरेंद्र सिंह, बाबूलाल, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेर सिंह हाजिर थे।

कनीना में लगातार चौथे दिन छाई धुंध

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। क्षेत्र में शुक्रवार को चौथे दिन भी सघन धुंध व कोहरा छाया रहा। जिसके चलते किसानों का पीला सोना समझी जाने वाली फसल सरसों तथा गेहूं की फसल को फायदा हुआ। सामान्य जन जीवन प्रभावित हुआ है। ग्रामीण अलाव जलाकर सर्दी से बचाव करते दिखाई दिए। कनीना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तथा अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेलसियस रिकार्ड किया गया। आसमान में बादलवाई होने से सूर्य दिनभर दिखाई नहीं दिया। धुंध के कारण सडक़ तथा रेल यातायात भी प्रभावित रहा। कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए ग्रामीण गर्म कपडों में लिपटे रहे उनका रूझान गर्म खाद्य पदार्थों की ओर से रूझान रहा। ठंड के चलते बाजारों में भी वीरानी छाई रही। राहुल मित्तल ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए ग्रामीण घरों में दुबके रहें तथा बहुत अधिक अधिक जरूरत होने पर ही घरों से बाहर निकलें। गर्म कपडों में लिपटकर रहें।

चिकित्सकों की हडताल के चलते दंतक सर्जन ने कनीना अस्पताल में ओपीडी

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। एमबीबीएस चिकित्सकों की हड़ताल के चलते उप नागरिक अस्पताल कनीना में शुक्रवार को दंतक सर्जन डॉ.जितेंद्र मोरवाल ने सामान्य ओपीडी की। जिससे आने वाले मरीजों ने राहत की सांस ली। सिविल सर्जन डॉ.रमेश चंद आर्य के दिशानिर्देशन में दंतक सर्जन द्वारा मरीजों की जांच कर दवा दी गई। डॉ. मोरवाल ने अस्पताल प्रभारी के कार्य का निर्वहन करते हुए जनहित को ध्यान में रखकर कार्य किया। उनके साथ डॉ.विनय कुमार एएमओ तथा डॉ.नेहा एचएमओ भी कार्य करते रहे। आपातकालीन सेवा के लिए डॉ.तमन्ना भी मुस्तैद रही। सीएमओ द्वारा की गई वैकलपिक व्यवस्था से मरीजों को कोई परेशानी पेश नहीं आई। विदित रहे कि सरकार से मागों को लेकर अस्पताल के एमओ पिछले दो दिन से हडताल पर हैं। जिसके चलते अस्पताल में ओपीडी नहीं हो रही थी। जिला के प्रवर चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर वैकलपिक व्यवस्था की गई जिसका मरीजों को लाभ मिला।

वाहन चालकों को यातायात के नियमों के प्रति किया जागरुक

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। पलवल डोनर्स क्लब ने सडक़सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत हथीन के चुंगी चौक पर वाहन चालकों और आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के मुख्य संयोजक आर्यवीर लॉयन विकास मित्तल ने बताया कि इसी अभियान के अन्तर्गत पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन हथीन के सहयोग सें हथीन चुंगी मोड़ पर यातायात संचालन में वहाँ उपर्स्थित पुलिस कर्मियो की मदद से वाहन चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया और उनके वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाये। इस अवसर पर क्लब की सहसंयोजक अल्पना मित्तल, एसएचओ हथीन मुकेश कुमार के साथ साथ उपर्स्थित सदस्यों ने चालकों को घने कोहरे में अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने और फोग लाईट जला कर चलने, ड्राईविंग के दौरान मोबाईल पर बात न करने, हैलमेट पहन कर वाहन चलाने, सीट बैल्ट लगा कर चलने, ओवर टेक न करने के लिए प्रेरित किया ताकि सडक़ पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। अभियान के दौरान वाहनों को चैक करने पर पाया गया कि लगभग अधिकतर वाहनों पर रिफलेक्टर नही लगे थे, चालकों द्वारा सीट बैल्ट न लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने, ओवर लोड पाये जाने पर तथा यातायात के नियमों का सही न पालन करने वाहन चालाकों नें मुस्कुरा के अपनी गलती मानी और आगे से हैलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने का वादा किया। पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के मुख्य संयोजक आर्यवीर लायन विकास मित्तल ने सभी का धन्यवाद देते हुए बताया कि डोनर्स क्लब के स्वयंसेवीयों और उपर्स्थित लोगों ने सुरक्षा अभियान के लिए शपथ भी ली।इस अभियान में उदय चंद माथुर, जितेन्द्र, रुद्र, विकल्प, राजीव, हरिशंकर, एम.एल.कथुरिया आदि का विषेश सहयोग रहा।

स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 3 नशा तस्करों को काबू कर लाखों रुपए का गांजा किया बरामद

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट फरीदाबाद/पलवल ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए गाँव सिरहौल मोड़ गुरूग्राम से तीन नशा तस्करो को काबू कर लगभग 10 लाख रुपए का 23.310 किलोग्राम गांजा बरामद कर, नशा तस्करो को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार वशिष्ट हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो गुरूग्राम एवं यूनिट फरीदाबाद प्रभारी निरीक्षक अशोक डागर ने बताया कि उप निरीक्षक कीमतीलाल के नेतृत्व में हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट फरीदाबाद की एक पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि रमेश, राकेश व मुकेश गांजा बेचने का काम करते है जो आज पुराना दिल्ली-गुडगाँव रोड पर मारुति पॉस्को ऑटो मोबाईल कम्पनी के सामने नशीला पदार्थ गांजा लिए हुए है। टीम मौके पर पहुंची और नशा तस्करो को माल समेत काबू किया। जिसके संबंध में संबंधित थाना सेक्टर 17/18 गुडगाँव मे मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया। फरीदाबाद यूनिट इंचार्ज अशोक डागर ने बतलाया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी व जो भी इस केस में संलिप्तता मिलेगी उनको भी हर हाल में काबू किया जाएगा। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट फरीदाबाद के इंचार्ज इंस्पेक्टर अशोक डागर ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई देता है तो बेफिक्र होकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के टोल फ्री नंबर नंबर 9050891508 पर सूचना दे सकते हैं सूचना देने वाले का नाम पता पूर्णता गुप्त रखा जाएगा।

19 से 31 जनवरी तक होगा खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2023 का आयोजन

पंचकुला के ताऊ देवीलाल पार्क में होगा खिलाड़ियों का चयन

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि 6वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2023 का आयोजन 26 खेलो तथा साथ ही 01 डैमो स्पोर्टस में आगामी 19 से 31 जनवरी 2024 तक तमिलनाडू के चार शहरों क्रमश: चेन्नई, कोयम्बटूर, मदूरई तथा त्रीचि में करवाया जा रहा है, जिसके लिए हरियाणा राज्य की महिला एवं पुरूष की हॉकी, कबड्डी, लडकियों की फुटबॉल तथा लडक़ों की वालीबाल टीम का ट्रायल के आधार पर चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि इन खेलों में ट्रायल के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण नई दिल्ली ने विभिन्न मापदंड निर्धारित किए हैं, जिस खिलाडी का 1 जनवरी 2005 या उसके बाद जन्म हुआ हो वह एथलीट खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में भाग लेने के लिए पात्र है। इसके अलावा खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में कुल 08 टीमें भाग लेंगी। कुल 07 राज्य नामों को एनएसएफ/एसजीएफआई द्वारा हाल ही में आयोजित संबंधित खेलों की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर नामांकित किया जाएगा। इसके अलावा 08वीं टीम मेजबान राज्य की होगी। 6वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2023 (तमिलनाडू) में हरियाणा राज्य की ओर से भाग लेने वाली टीम का ट्रायल के आधार पर चयन किया जाना है, जिसमें खेलवार चयनित खिलाडिय़ों की संख्या तथा चयन ट्रायल की तिथि व स्थान निर्धारित किए गए हैं। सभी टीमों का चयन पंचकुला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में होगा। इनमें कबड्डी खेल की टीम में 12 खिलाडी होंगे तथा 06 खिलाडी अतिरिक्त होंगे। पुरूष कबड्डी के खिलाडिय़ों का चयन 03 जनवरी तथा महिला कबड्डी खिलाडियों की चयन प्रक्रिया 04 जनवरी को होगी। महिला फुटबॉल टीम में 18 खिलाडी होंगे और 06 खिलाडी अतिरिक्त रहेंगे। महिला फुटबॉल टीम की चयन प्रक्रिया 02 जनवरी को होगी। इसी प्रकार पुरूष व महिला हॉकी टीम में भी 18 खिलाडी रहेंग इनमें 06-06 खिलाडी एक्स्ट्रा रहेंगे। पुरूष हॉकी टीम का चयन 01 जनवरी व महिला हॉकी टीम का चयन 02 जनवरी 2024 को किया जाएगा। पुरूष वालीबॉल टीम में 12 खिलाडी तथा 06 खिलाडी एक्स्ट्रा रहेंगे। पुरूष वालीबॉल टीम का चयन 01 जनवरी 2024 को किया जाएगा।

पलवल नववर्ष की आड़ में असामाजिक गतिविधियां करने वालों की खैर नहीं

पलवल पुलिस ने किये व्यापक पुलिस प्रबंध : डॉ अंशु सिंगला

नये साल के जश्न को लेकर पलवल पुलिस की एडवाइजरी का करे पालन

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने जिला वासियों को नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष आगमन अवसर पर आम जनता द्वारा हर्षोल्लास/जश्न मनाया जाता है। नए साल 2024 के शांतिपूर्ण जश्न मनाने व आमज़न की सुरक्षा और बिना किसी समस्या या परेशानी के यातायात व्यवस्था सुगम करने के लिए 30 दिसंबर 2023 को शाम 6:00 बजे से नए साल के उत्सव के समापन तक आमजन के लिए यातायात संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं।

सार्वजनिक स्थान और सड़क के किनारे शराब पीना, वाहनों के साइलेंसर से पटाखे फोड़ ध्वनि प्रदूषण कर हुड़दंग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शहर मे विभिन्न स्थानों पर विशेष ड्रंकन ड्राइविंग नाके लगाए जाएंगे और शराब के नशे में गाड़ी चलाने वालो की जांच की जाएगी। शरारती तत्वों द्वारा इस अवसर पर शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों एवं मार्गो पर की जाने वाली हुडदंग बाजी और गतिविधियों को नियंत्रण करने के उद्देश्य से व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर जिला पलवल के अंतर्गत मुख्य होटल, रेस्टोरेंट्स, ढाबों एवं धर्मशाला पर अलग से विशेष सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। जिला में अलग-अलग विशेष नाके चिन्हित कर स्थापित किए गए हैं। जिला पलवल में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए यातायात प्रभारी को उचित निर्देश दिए गए हैं। असामाजिक तत्वो की प्रत्येक गतिविधियों पर पलवल पुलिस की विशेष पैनी नजर रहेगी ।

एडवाइजरी/निर्देश

नागरिकों को नए साल के जश्न के दौरान यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी जाती है। नशे में गाड़ी चलाने, स्टंट बाइकिंग, ओवरस्पीडिंग,जिग-जैग ड्राइविंग और खतरनाक ड्राइविंग करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक जाम की स्थिति से बचने के लिए लोगों को निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की सलाह दी जाती है। यातायात के सुचारू आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए अपने वाहनों को पास के निर्दिष्ट पार्किंग क्षेत्रों में पार्क करने की सलाह दी जाती है। ऑटो चालकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ऑटो को शॉपिंग मॉल, भीड़-भाड़ वाली जगहों और सड़क के किनारे से दूर पार्क करें। अन्यथा मोटर वाहन अधिनियम के तहत उचित कार्रवाई की जायेगी। नागरिकों से अनुरोध है कि वे ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों का सहयोग करें। डॉ अंशु सिंगला पुलिस अधीक्षक, पलवल भा0पु0से0 ने आमजन से अपील की है कि नव वर्ष के अवसर पर गलत अफवाहो पर ध्यान ना दें और यदि कोई गलत अफवाह फैलाता है तो उसकी तुरंत सूचना पुलिस को देवें। सोशल मीडिया पर पुलिस लगातार नजर बनाये हुये है।

नव वर्ष की आड़ में असामाजिक गतिविधियां करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी, साथ ही अपील की है कि कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करे। किसी भी संदिग्ध/असामान्य गतिविधि की स्थिति में तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन/पुलिस कर्मियों या डायल 112 पर सूचना दे।पुलिस सहायता /सड़क दुर्घटना की स्थिति में 01275-298065 व 112 पर कॉल करें। पलवल पुलिस आपकी सुरक्षा के प्रति प्रतिबद् है।

वर्ष 2023 मे पलवल मे ट्रैफिक रूल्स तोड़ना पड़ा महंगा

पलवल पुलिस ने 6 करोड़ रुपए से अधिक का चालान कर नियम तोड़ने वालों को सिखाया सबक

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

होडल। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में पलवल पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध शुरुआत से ही विशेष अभियान चलाया गया। 18 सितम्बर 2023 को पुलिस अधीक्षक डॉ० अंशु सिंगला, आईपीएस के चार्ज संभालते ही पलवल पुलिस ने एस पी महोदया के निर्देशानुसार बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड हवाबाजी एवं ब्लैक फिल्म कार गाड़ी चलने वालों के साथ-साथ यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जो अभी भी जारी है। जिला पलवल पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुये साल 2023 मे 37141 वाहनों के चालान करते हुए 1966 वाहन इंपाउंड की गई। इन वाहनों में मुख्यत: 200 बुलेट पटाखा मोटरसाइकिल 87 ब्लैक फिल्म वहां 3502 ट्रिपल राइडिंग एवं 7523 लेन चेंज वाहन शामिल है। साथ ही इन पर 6 करोड़ 26 लाख 29 हजार 800 रुपए का जुर्माना किया गया। पुलिस कप्तान पलवल ने बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ कर हवा बाजी करने वालों को सचेत करते हुए कहा कि अभी केवल पलवल पुलिस चालान ही कर रही है संभल जाएं अन्यथा इस अपराध के लिए मुकदमा का भी प्रावधान है। इसके साथ ही पुलिस कप्तान पलवल ने बुलेट मोटर मोटरसाइकिल के साइलेंसर को मॉडिफाई करने वाले मिस्त्रीओ को भी आगाह करते हुए कहा है कि वह किसी भी प्रकार के साइलेंसर में मॉडिफिकेशन ना करें अन्यथा उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक डॉ० अंशु सिंगला, आईपीएस ने बताया कि बुलेट पटाखा मोटरसाइकिल एवं ब्लैक फिल्म कार गाड़ी के संबंध में आप नंबर नोट करे या फोटो खींचकर यातायात थाना प्रबंधक के मोबाइल नंबर 8930202034 अथवा सम्बंधित थाना प्रबंधक के मोबाइल पर सीधा भेज सकते है ताकि उन पर नकेल कसी जा सके। सुचना भेजने वाले कि पहचान गुप्त रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक डॉ० अंशु सिंगला, आईपीएस ने जिला पलवल की आम जनता से अपील की है कि यातायात नियमों की पूरी तरह से पालना करें तथा अपने व औरों के जीवन को बचाएं, शराब का सेवन कर कभी वाहन ना चलाएं।

पलवल पुलिस की खेल से जोड़ो मुहीम ला रही है रंग मुहीम से जुड़कर युवा नशा मुक्ति अभियान में दे रहे हैं सहयोग : जसलीन कौर

एलनशा मुक्त समाज की स्थापना में पुलिस का करें सहयोग : एडिशनल एसपी पलवल

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा पूरे प्रदेश में युवाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित कर व उन्हें नशे से दूर रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। जो इसी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ अंशु सिंगला,आईपीएस के नेतृत्व में एडिशनल एसपी पलवल जसलीन कौर,आईपीएस अभियान को लगातार सफल बनाने व अधिक से अधिक युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

अभियान के तहत आज दिनांक 29.12.2023 को पुलिस पर्बलिक खेल प्रतियोगिता का पलवल के गांव कारना में आयोजन हुआ। आयोजित की गई पर्बलिक पुलिस खेल प्रतियोगिता में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में खिलाडिय़ों ने भाग लिया। पुलिस विभाग की तरफ से कराई गई प्रतियोगिता का मकसद युवाओं में नशे व सामाजिक बुराईयों को दूर करके उनका ध्यान खेलों की तरफ आकर्षित करना है। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसलीन कौर ने किया। इनाम वितरण समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसीलन कौर ने कहा कि युवाओं को नशे की लत छोड़कर खेल व शिक्षा की तरफ ध्यान देना होगा। ताकि बेहतर समाज की स्थापना की जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आंचल में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। इन्हें केवल तराशने की जरूरत है। इस दौरान विजेता खिलाडिय़ों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। एडिशनल एसपी जसलीन कौर के द्वारा खिलाडिय़ों को बताया गया कि समाज व राष्ट्रीय हित के लिए युवा नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहे, नशा युवाओं का भविष्य व सामाजिक सम्मान को खत्म कर देता है। युवा खेलों से जुड़कर खुद भी नशे से दूर रहे वहीं अपने घर व समाज में भी नशा करने वालों को नशा न करने और नशे को छुड़वाने के लिए प्रयास करें।

एडिशनलएसपी ने बतलाया कि वर्तमान में टेक्नोलॉजी के नए-नए अविष्कार होने के कारण साइबर अपराध के मामलों में भी बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने युवाओं से साइबर अपराधियों के द्वारा अपराध के तरीके अमल में लाए जाने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। वहीं युवाओं को साइबर अपराध से सतर्क रहने व साइबर अपराध से बचने की जानकारी गांव के बुजुर्ग व अन्य व्यक्तियों को को भी इसके बारे में जागरूक करने के लिए कहा। इस अवसर पर शहर थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार, हथीन गेट चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कुलदीप सिंह के अलावा काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

चंदेनी में बीजेपी को झटका, आफताब अहमद की अगुवाई में कॉंग्रेस में शामिल हुए लोग

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। विधानसभा के चंदेनी गांव में बृहस्पतिवार को स्थानीय विधायक व कॉंग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद को मज़बूती मिली। गांव के दर्जनों लोगों ने विधायक की मौजूदगी में कॉंग्रेस का दामन थाम लिया।

गांव के जिम्मेदार व बुजुर्गों में शामिल सफी मौहम्मद और बसीर अहमद ने विधायक आफताब अहमद को पगड़ी बांध कर जोरदार स्वागत किया। इन्होंने थामा कॉंग्रेस का दामन: जाकीर वकील, बासिद, साकिर, समसुदिन, आसमोद, वाहिद, रफीक, सैफई मोहमद, नजीर, वसीम, समीम, समीर अहमद, राजू अहमद, जकेरया, सहित दो दर्जन लोगों ने बीजेपी छोड़ कांग्रेस का दामन थामा। भाजपा छोड़ने वाले लोगों ने कहा कि प्रदेश सरकार मेवात के साथ भेदभाव कर रही है और इलाके के भाइचारे को खराब कर रही है जबकि कॉंग्रेस पार्टी सभी को साथ लेकर इलाके के भाइचारे के लिए काम करती दिखाई दी है और पूर्व में कॉंग्रेस सरकार में इलाके में अच्छा विकास हुआ था। स्थानीय विधायक आफताब अहमद ने कहा कि चंदेनी गांव में बीते चुनावों में बीजेपी प्रत्याशी को अधिक वोट मिले थे लेकिन ग्रामीणों को बदले में निराशा हाथ लगी है।जिन लोगों ने कॉंग्रेस में आस्था व्यक्त की उनका स्वागत करते हैं। सभी को पूरा मान सम्मान देंगे और विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। बता दें कि विधानसभा में लगातार कॉंग्रेस नेता विधायक आफताब अहमद को समर्थन मिल रहा है और उनका कुनबा बढ़ रहा है। इस दौरान चौधरी इदरीश गोरवाल, लियाक़त अली बीडीओ, नजीर पटवारी, हाजी खालिद, आस मोहम्मद, मास्टर मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद हुसैन, जाकिर वकील, सोकत अली ठेकेदार, नियामत अली, आसिफ अली, अकबर अली, साकिर हुसैन, शमसुद्दीन, हसमत अली, असीम, सलीम, नसीम अहमद, इमरान खान, जकरिया हफिज अहमद, अब्बास अहमद,सगीर अहमद राजू अहमद, एडवोकेट बासीद अली, वसीम खान, मंसूर अली, समीम अहमद, मौसिम खान नासिर हुसैन, युसूफ आदि मौजूद थे।

सिटी 24 न्यूज
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नवल सिंह द्वारा कहकशा ग्राफिक्स, 1501, गली कासिम जान, लाल कुआं, दिल्ली-110006 से मुद्रित करवाकर कार्यालय 273/3, मैजनाइन फ्लोर, मंटोला, पहाड़गंज (नई दिल्ली)-110055 से प्रकाशित एवं प्रसारित। समाचार में प्रकाशित सभी लेखों, विचारों एवं समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इसके लिए लेखक ही स्वयं जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल दिल्ली न्यायालय में ही मान्य होगा। मो. नं. 08826598195, ई-मेल: city24newsroom@gmail.com

भाजपा सरकार में नारकीय जीने को मजबूर हैं एनआईटी के बाशिंदे : धर्मबीर भड़ाना

आप राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य ने सीवरेज के खड़े पानी में होकर किया प्रदर्शन

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। भाजपा सरकार की मिली भगत से एनआईटी 86 फरीदाबाद के विधायक ने क्षेत्र की जनता की जिंदगी को नर्क में डाल दिया है । भाजपा सरकार ने विधायक बनते ही उन्हें सर्वश्रेष्ठ विधायक का झुनझुना पकड़ा दिया था और विधायक वही झुनझुना बज रहे हैं और नौटंकी कर रहे हैं ।यह विचार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने नैन चौक 60 फीट रोड पर भरे सीवर के पानी में खड़े होकर प्रदर्शन करते वक्त व्यक्त किया । उन्होंने भाजपा सरकार और विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि इस सडक़ से जवाहर कॉलोनी, पर्वतीय कॉलोनी, एयरफोर्स सहित कई कॉलोनीयों के लगभग 1 लाख लोग रोज आते जाते हैं । इस सडक़ पर कई वर्षों से आए दिन सीवर का पानी भर जाता है और लोगों को आने जाने में बहुत ही ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है । इस समय विकराल सर्दी पड़ रही है और सडक़पर आते जाते वक्त लोग भीग जा रहे हैं, सीवर के पानी में लोगों के जूते गीले हो जा रहे हैं। स्थानीय विधायक अब भी नौटंकी करने में व्यस्त है। खट्टर द्वारा दिया गया सर्वश्रेष्ठ विधायक का झुनझुना बजा रहे हैं। जनता के दुख दर्द से उन्हें कोई मतलब नहीं रहा । इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेताओं ने नगर निगम की जेसीबी के के ऊपर बैठकर प्रदर्शन किया । मौके पर मौजूद स्थानीय दुकानदार राजा भैया ने कहा कि इस सडक़के दोनों तरफ सैकड़ो दुकानदारों की दुकानों का किराया भी नहीं निकल रहा है और ग्राहक दुकानों पर आते ही नहीं है क्योंकि दुकानों के सामने सीवर का पानी भरा हुआ है । दुकानदारों के भूखे मरने की नौबत आ चुकी है । ऐसा लगता है जैसे एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की इस सडक़ के आसपास दुकान खोल कर हमने बड़ा पाप कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज है ही नहीं। इस मौके पर सुभाष बघेल, अमित कुमार, सचिन चौधरी, राम गौर, नरेश शर्मा, मेहरचंद हरसाना शाहिद सैकड़ो दुकानदार मौजूद थे।

ट्रैफिक नियमों की हो पूर्ण रूप से पालना सुनिश्चित : आनन्द शर्मा

ट्रैफिक नियमों की पालना के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि ट्रैफिक नियमों की पूर्ण रूप से पालना सुनिश्चित हो। एडीसी आनन्द शर्मा शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष ट्रैफिक नियमों की पालना के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कहा ऑटो और बसों पर अधिक से अधिक संख्या में रिफ्लेक्टर टेप लगवाएं। प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस मिलकर यातायात व्यवस्था को सुचारु ढंग से चलाए। वहीं बार बार ट्रैफिक नियमों की उलंघना करने पर ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जाए। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस मिलकर यातायात व्यवस्था को सुचारु ढंग से चलाए। बार- बार ट्रैफिक नियमों की उलंघना करने पर ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जाए। वहीं आटो चालकों और बाइकर्स की विशेष निगरानी करना सुनिश्चित करें। एडीसी आनंद शर्मा ने जिला फरीदाबाद में सडक़सुरक्षा के नियमों की सही पालना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर उपस्थित प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों और सडक़ सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े गणमान्य लोगों को सम्बोधित करते हुए सडक़ सुरक्षा व्यवस्था के लिए टिप्स भी दिए। एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि सर्दी के मौसम में कोहरे के कारण वाहन चलाते समय यात्रियों को अधिक सावधान और सतर्क रहने की जरुरत है। कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो जाती है और गाड़ी एक दम सामने आने के बाद दिखाई पड़ती है ।सर्दी के मौसम में कोहरे में वाहन चलाते समय लो बीम लाइट का इस्तेमाल करें। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस और रोड सेफ्टी ओर्गनइजेशन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी बसों, ऑटो और दो पहिया वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए। जिन वाहनों पर पुरानी रिफ्लेक्टर टेप लगी है और सही से दिखाई दे नहीं रही उसको हटाकर इसकी जगह दूसरी रिफलेक्टिव टेप लगाएं। सडक़ सुरक्षा समीक्षा बैठक में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बडख़ल अमित मान, एसडीएम एसीपी ट्रैफिक विष्णु दत्त, यूएलबी, एफएमडीए तथा एनएचएआई सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी और सडक़ सुरक्षा के पदाधिकारी उपस्थित उपस्थित रहे।

मानव रचना में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2023 में दिखी प्रतिभा, छह श्रेणियों में विजेताओं को किया सम्मानित

संस्थान में आयोजित फाइनल में 31 टीमों और 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया था भाग

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) 2023 का सफल आयोजन हुआ। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के इनोवेशन सेल (एमआईसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और iyc की एक ओर से कराई गई इस प्रतियोगिता में देशभर से शिक्षण संस्थानों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने उन्नत तकनीकों और नवाचार के साथ विभिन्न मंत्रालयों से प्राप्त हुई समस्याओं के समाधान पेश किए। कार्यक्रम के शुभारंभ पर जहां बतौर मुख्य अतिथि एआईसीटीई के चेयरमैन प्रो. (डॉ.) टीजी सीताराम, विशिष्ट अतिथि एआईसीटीई वाइस चेयरमैन डॉ. अभय जेरे सहित एमआरईआई अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला, एमआरईआई उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला, एमआरआईआईआरएस उप कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) संजय श्रीवास्तव, उपकुलपति एमआरयू आईके भट शामिल रहे थे। वहीं समापन समारोह में एआईसीटीई से श्री योगेश वधावन, श्री सौरभ नागपाल और श्री शांतनु के साथ ही परिमुख इनोवेशन से डॉ. बीएस गिल और मेकरशाला से श्री मोहित बहल सहित संस्थान के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसईटी) की एसोसिएट डीन डॉ. गीता निझावन, मानव रचना इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर (एमआरआईआईसी) के निदेशक डॉ. उमेश दत्ता और उप निदेशक डॉ. अभिरुचि पासी उपस्थित रहे। सरकार की ओर से देशभर के 47 नोडल केंद्रों पर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर श्रेणियों में प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया हुआ था, जिसके लिए हरियाणा राज्य में मानव रचना को हार्डवेयर श्रेणी के तहत बतौर नोडल केंद्र चुना गया है। संस्थान में आयोजित हुए कार्यक्रम में देशभर के शैक्षणिक संस्थानों से कुल 31 टीमों ने भाग लिया, जिसमें 200 से ज्यादा प्रतिभागी और मेंटर शामिल रहे। विजेता टीमों को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया है। प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागियों ने कुल छह समस्याओं के लिए समाधान सुझाए। छह श्रेणियों में बेहतरीन विचार पेश करने वाली टीमें विजेता रहीं।

विजेताओं में नरूला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पश्चिम बंगाल की टीम लूना बाइट्स, गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज उदयपुर की टीम ब्राइट स्पार्क्स, नेताजी सुभाष इंजीनियरिंग कॉलेज पश्चिम बंगाल की टीम इलेक्ट्रोनॉट्स, श्री कृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी तमिलनाडु से टीम हॉक्स, कुमारगुरु कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, तमिलनाडु से नल बाइट, वीरमाता जीजाबाई टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट माटुंगा मुंबई की टीम विजेता रही। सभी विजेता टीमों को कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कृत किया गया।

सिर्फ चिन्तन करके ही प्रभु के समीप आया जा सकता है : मुरारी लाल बृजवासी

कथा स्थल पर धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। श्रीराम मंदिर तालाब वाली गली ओल्ड फरीदाबाद में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास परम श्रद्धेय श्री मुरारी लाल बृजवासी जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव,श्री राम अवतार के बारे में भक्तों को विस्तृत रूप से बताया। उन्होनें बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की ख्याति सर्वाधिक है। यहां तक की बड़े बड़े देवता,ऋषि मुनि सभी उनके गुणों का बखान करते है। भगवान श्रीकृष्ण सभी कारणों के कारण है उनका कोई कारण नहीं है। सारी सृष्टियां उनकी ईच्छा मात्र से उत्पन्न तथा नष्ट होती है। श्री मुरारी लाल बृजवासी ने बताया कि भगवान किसी भी जीव चाहे दुष्ट हो या सज्जन हो को मारने के लिए अवतार नहीं लेते उनकी अवतार तो केवल धर्म की रक्षा के लिए होता है। उन्होनें बताया कि भगवान भक्तों के साथ लीला करते है ताकि भक्त उनके करीब आ सकें। उन्होनें बताया कि सिर्फ चिन्तन करके ही प्रभु के समीप आया जा सकता है। उन्होनें बताया कि भगवान राम का अवतार धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। श्री मुरारी लाल बृजवासी जी महाराज ने बताया कि समाज का असभ्य प्राणी जब सज्जन व्यक्ति,भक्त को सताता है तब प्रभु किसी ना किसी रूप में प्रकट होकर अपने भक्तों की रक्षा करते है।

इस मौके पर कथा स्थल पर श्रीकृष्ण के जन्म को दिखाया गया जिसमें बधाईयों के गान के साथ सभी भक्त झूम उठे। इस मौके पर अतिथिगण नेमचंद गोयल, कृष्ण आर्य,खेमचंद प्रधान ओल्ड मार्केट, तुषार बब्बर,हरीश पाव बाबा, युधिष्ठिर लाल खेड़ा, रवि डूडेजा, सपना जाकर व्यास गद्दी पर पंडित मुरारी लाल बृजवासी. व्यास जी से आशीर्वाद लिया. इन सब का तहे दिल से धन्यवाद. प्रधान परविंदर मल्होत्रा. इस इस अवसर पर गुजंन शर्मा, गीता शर्मा, गुजंन कुमारी, इन्दू आहूजा, सुनीता शर्मा, मीनू आहूजा, लोकेश शर्मा, निर्वतमान पार्षद सुभाष आहूजा, परविन्द्र मल्होत्रा, अजय गर्ग, बिन्दू ठेकेदार, अमित कपूर, सुमित कपूर, रेनू मल्होत्रा, रेखा सिंगला, कोमल सरदाना, संगीता शर्मा, शालू चोपड़ा, शालू वधवा, सावित्री ठाकुर, रीति, साक्षी, रूचिका संगीता सचदेवा, रूपाली, सोनिया आहूजा, राधा, निशा, सुधा व पुष्पा शर्मा, गीता शर्मा आदि भक्त उपस्थित थे।

कोहरे में वाहनों में यात्रा करते समय पार्किंग इंडिकेटर, फॉग लाइट व लो-बीम लाइट का करे प्रयोग

यातायात पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 210 वाहनों पर लगाऐ रिफ्लेक्टर टेप लगाएं

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने सर्दी में पडने वाली धुंध व कोहरे के दौरान सुरक्षित सफर व सडक़ हादसों को रोकने के लिए फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने यातायात एडवाइजरी जारी की है। कोहरे के मौसम में सफर के दौरान सावधानी रखने से वाहन चालक ना केवल स्वयं कि बल्कि अन्य वाहन चालकों को भी सुरक्षित रख सकता है। यातायात पुलिस के द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के लिए विशेष अभियान चला रही है। अभियान इंस्पेक्टर सतीश कुमार टीआई ग्रेटर फरीदाबाद के नेतृत्व में मुख्य सिपाही कासीम, एचजीएच विनोद के साथ आर अस ओ वाईस प्रजीडैन्ट अस के शर्मा सतीश चंदीला, सतीश कपुर, कुलदीप भाटिया, बी के मण्डल, सन्जीव भाद्धवाज, सन्दीप चन्देला, कुनाल चन्देला व अन्य ने अभियान में भाग लिया है। इस अभियान में 210 वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाकर लोगों को जागरुक किया है। वर्तमान को व आने वाले दिनों में कोहरे व धुंध के कारण सडक़ों पर दृश्यता कम हो सकती है। जिसमें विजिविलिटी काफी (0-5 मीटर) कम हो जाती है ऐसे में सभी वाहन चालकों को सडक़ों पर वाहन चलाते समय अत्यधिक सावधानी व सतर्कता रखनी होगी।

वाहन चालक स्पीड का विशेष ध्यान रखते हुए वाहन को धीमी गति से चलाएं। खराब मौसम के दौरान सडक़ पर सफर के दौरान वाहन चालक यह भी सुनिश्चित करें कि वाहनों की लो-बीम लाइट, हेड लाइट, टेल लाइट, फॉग लाइट सहित पार्किंग इंडिकेटर, ब्रेक, टायर, विंडस्क्रीन वाइपर, बैटरी व कार हीटिंग सिस्टम सही तरीके से काम कर रहे हैं। कोहरे में विजिविलिटी कम होने पर वाहन के पार्किंग इंडिकेटर ऑन रखें।

हेड लाइट का कम प्रयोग करे क्योकि कोहरे में हेड लाइट ऑन करने पर रिफ्लेक्शन के कारण सडक़ पर सामने कम दिखाई देता है। इस लिए लो-बीम लाइट का प्रयोग करे। वाहन के आगे पीछे रिफ्लेक्टर लाइट व रिफलेक्टिव टेप अवश्य लगवाएं। धुंध व कोहरे के दौरान सडक़ पर चलते हुए वाहनों के बीच उचित दुरी बनाकर रखे। मोबाइल फोन व म्यूजिक का उपयोग करने से बचें, तथा बाहर की आवाज का ध्यान रखने के लिए वाहनों के शीशे थोड़ा नीचे रखें ताकि जो दिखाई न दे सके उसे सुनकर यात्रा को पूर्ण रूप से सुरक्षित बनाया जा सके। खराब मौसम में आपात परिस्थितियों में वाहन को रोकना हो तो जहां तक संभव हो वाहन को सडक़ से नीचे उतारकर रोका जाए।

अगर वाहन चालक मामूली सावधानी भी बरतें तो कोहरे में होने वाली सडक़ दुर्घटनाओं से आमजन को बचाया जा सकता है।

एसीपी सुधीर तनेजा सहित पुलिस 6 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल ने विदाई समारोह में दी शुभकामनाएं

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं पूरी करने के पश्चात आज 6 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में एसीपी सुधीर तनेजा, इंस्पेक्टर-अनुप सिंह, योगेश कुमार व शरिफ अहमद, उप निरीक्षक ओम पाल, मुख्य सिपाही सुरेन्द्र सिंह का नाम शामिल है।

इस अवसर पर डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, वेलफेयर इंस्पेक्टर सत्यवीर, सहित पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभी ब्रांच के पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृतति पाने वाले सदस्यों के परिजन भी उपस्थित रहे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिसकर्मियों की सेवानिवृतति पर डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल ने विदाई समारोह में शुभकामनाएं दी तथा इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21ष्ट में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें डीसीपी मुख्यालय ने पुलिसकर्मियों द्वारा पुलिस विभाग में दी गई सेवाओं के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि इन पुलिसकर्मियों ने पुलिस के विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दी हैं। एसीपी सुधीर तनेजा ने वर्ष 1994 में एएसआई के पद पर हरियाणा पुलिस में सेवा शुरु की थी। जिन्होने सेवा के दौरान एसीपी मुजेसर के पद पर रहते हुए सेवानिवृतति ली है। एसीपी सुधीर तनेजा ने इससे पहले डीएसपी नहूं मुख्यालय, डीएसपी अम्बाला, यमुनानगर, करनाल, व जीआरपी रेलवे के पद पर भी सेवा दी है। उन्होने 29 वर्ष की हरियाणा पुलिस में सेवा दी है। इंस्पेक्टर अनुप वर्ष 1985 में हरियाणा पुलिस में सेवा शुरु की है। इंस्पेक्टर अनुप ने सेक्टर-58 में एसएचओ पद पर सेवा दी है। उन्होने 38 वर्ष की सेवा हरियाणा पुलिस में दी है।

इंस्पेक्टर योगेश कुमार ने वर्ष 1984 में हरियाणा पुलिस में सेवा शुरु की थी जो आज 39 साल सेवा देने के बाद, इंस्पेक्टर शरिफ अहमद ने वर्ष 1985 में हरियाणा पुलिस में सेवा शुरु की थी जो आज 38 वर्ष के बाद, सब इंस्पेक्टर ओम पाल ने वर्ष 1989 में सेवा शुरु की थी जो आज 34 वर्ष बाद तथा मुख्य सिपाही सुरेन्द्र सिंह ने वर्ष 2007 में हरियाणा पुलिस में सेवा शुरु की थी जो आज 16 वर्ष बाद सेवानिवृतति ली है। सभी सेवा के दौरान उच्च अधिकारियों द्वारा प्रशांसा पत्र देकर सम्मानित किया है। अन्य सभी पुलिसकर्मियो ने अपने जीवन में बहुत सारी विपरीत परिस्थितियों का सामना भी किया है और इन परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करने के पश्चात ही यह आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं कि सैकड़ों लोग इन्हें जानते हैं और समाज के श्रेष्ठ व्यक्तियों में इनका भी नाम शामिल है।

इन्होंने पुलिस विभाग में रहते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की समस्याओं का हल करने में अपना अहम योगदान दिया है जिसके लिए वह प्रशंसा के पात्र हैं। इसी प्रकार निवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए पुलिस आयुक्त ने उनके आने वाले भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।